Uturn Time 29 Jan 2026_Layout 2 28-01-2026 22:55 Page 1

4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



बड़े मूड में लग रहे, इंद्रदेव फिलहाल।
अगली-पिछली-बीच की, दी है कसर निकाल।
दी है कसर निकाल, अजी सारी की सारी।
गरज-चमक के साथ, हो रही ओलाबारी।
कह साहिल कविराय, लोग पर बेहद लीचड़।
पहले सूखा कहा, कह रहे अब है कीचड़।।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 17 | THURSDAY 29-01-2026 | RS-03 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# लोकल बॉडी मंत्री का मास्टरस्ट्रोक, भ्रष्टाचार पर नकेल डालने को तोड़ी चीफ इंजीनियरों की मोनोपॉली, सभी शहरों में अलग अलग CE नियुक्त

## लुधियाना में जबरन एटीपी बने हुए मुलाजिमों पर जल्द हो सकता है एक्शन

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/28 जनवरी। पंजाब सरकार की और से भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस पॉलिसी इस्तेमाल करते हुए लगातार एक्शन लिए जा रहे हैं। अब उसी पॉलिसी को आगे बढ़ाते हुए पंजाब के लोकल बॉडी मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा मास्टरस्ट्रोक खेला गया है। जिसके तहत उन्होंने सभी शहरों के अलग-अलग चीफ इंजीनियर्स नियुक्त कर दिए हैं। इसी के साथ साथ जिस चीफ इंजीनियर को जो शहर दिया गया है, वहां के सभी ओएंडएम सैल, बीएंडआर और एसडब्ल्यूएम विभाग के कार्य उन्हीं की और से देखें जाएंगे। इस संबंधी बुधवार को आदेश जारी कर दिए गए हैं। इन आदेशों के जारी होने के बाद चचाएं छिड़ गई है कि मंत्री अरोड़ा का यह मास्टरस्ट्रोक भ्रष्टाचार पर नकेल डालने के लिए खेला गया है। जिसके जरिए सभी चीफ इंजीनियर्स की मोनोपॉली खत्म होगी। दरअसल, इससे पहले चीफ इंजीनियर्स को कैटेगरी वाइज जिम्मेदारी दी गई थी। अब कैटेगरी खत्म करके शहर वाइज नियुक्तियां की गई हैं।

**अब यह होगा फर्क, लोगों को मिलेगा फायदा...**पहले जहां कैटेगरी वाइज सीई नियुक्त होते थे, वहीं अब शहर वाइज किए गए हैं। यानि कि जिस शहर का जो चीफ इंजीनियर नियुक्त हुआ है, उसके अधीन उक्त शहर का बीएंडआर, एसडब्ल्यूएम विभाग, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट और फोकल प्वाइंट होगा। जिससे जहां पहले लोगों को अलग-अलग विभागों से संबंधी काम कराने चंडीगढ़ जाना पड़ता था, वहीं अब लोग उक्त काम को अपने शहर में ही मौजूद सीई से करवा सकेगें। जिससे लोगों का समय बचेगा, रिश्वतखोरी कम होगी और रुके हुए काम जल्द होंगे।





लोकल बॉडी मंत्री संजीव अरोड़ा

**नए एमटीपी किए नियुक्त...**वहीं लोकल बॉडी विभाग ने राज्य की कई कारपोरेशन में नए एमटीपी नियुक्त किए हैं। जिसके चलते नगर निगम लुधियाना में विजय कुमार को नए एमटीपी नियुक्त किया गया है।




अभी उन्हें एडिशनल चार्ज मिला है। मौजूदा समय में वह अबोहर नगर निगम का काम देख रहे हैं। लेकिन अब अबोहर और लुधियाना दोनों जिलों का चार्ज संभालेगें। इसके अलावा हरकिरन कौर को एमटीपी नगर निगम मोगा, राजदीप कौर को नगर निगम फगवाड़ा का एमटीपी नियुक्त किया है। वहीं वजीर राज को नगर निगम पठानकोट और इंद्रजीत सिंह को बरनाला कारपोरेशन का एडिशनल चार्ज दिया गया है।

**इन अधिकारियों को मिले यह शहर...**बुधवार को सात चीफ इंजीनियर्स के तबादले किए हैं। जिसमें सीई रविंदर कुमार को लुधियाना नियुक्त किया है। उनकी तरफ से लुधियाना कारपोरेशन और जिले के साथ लगती सभी काउंसिल और पंचायतों का काम देखा जाएगा। सीई राजीव कुमार को पटियाला जिला और सभी इंप्रूवमेंट ट्रस्ट दी गई है। सीई मुकेश कुमार गर्ग को जालंधर रीजन दिया है। जालंधर के साथ साथ वह फगवाड़ा, कपूरथला और होशियारपुर शहर का भी काम देखेगें। वहीं उनसे पीडब्ल्यूएसएसबी का चार्ज वापिस ले लिया है। सीई राजिंद्र राय को बठिंडा रीजन और बरनाला शहर दिया है। सीई नरेश बाटा को फिरोजपुर रीजन दिया है। वहीं फिरोजपुर के अलावा मोगा, ओबहर और मोहाली शहर का काम भी देखेगें। सीई अश्वनी चौधरी को अमृतसर रीजन दिया है। वह अमृतसर के साथ साथ पठानकोट और बटाला का काम भी देखेगें। इसके अलावा उन्हें सभी फोकल प्वाइंट्स दिए गए हैं।

**पहले चंडीगढ़ जाकर करवाने पड़ते थे काम...**जानकारी के अनुसार पहले चीफ इंजीनियर्स कैटेगरी वाइज नियुक्त होते थे। यानि कि किसी को पूरे पंजाब का ओएंडएम सैल, किसी को बीएंडआर, किसी को एसडब्ल्यूएम विभाग, किसे सभी इंप्रूवमेंट ट्रस्ट और किसी को फोकल प्वाइंट्स दे दिए जाते थे। यह सभी चीफ इंजीनियर्स चंडीगढ़ बैठते थे। ऐसे में अगर पंजाब के किसी भी शहर के व्यक्ति को किसी भी विभाग का सीई से संबंधित काम कराना होता था, तो उसे स्पेशल चंडीगढ़ जाना पड़ता था। चर्चा है कि इससे व्यक्ति के काम का नुकसान होता था, वहीं खुद काम करवाने जाने पर उससे मनमर्जी के पैसे मांगे जाते थे।

**जल्द अन्य अधिकारियों पर भी हो सकता है एक्शन...**पंजाब की कई कारपोरेशन में निचले सत्र के मुलाजिमों को जबरन राजनीतिक शह पर तरक्कियां देते हुए एटीपी नियुक्त किया हुआ है। बात करें लुधियाना की तो लुधियाना को जोन-ए, बी और सी में भी यहीं हालात देखने को मिल रहे हैं। जहां मुलाजिम किसी न किसी विधायक की सिफारिश पर एटीपी बना हुआ है। वहीं, जो अधिकारी नियमों के मुताबिक एटीपी लग सकते हैं, उन्हें साइडलाइन कर रखा है। जिसके चलते चचाएं हैं कि जल्द लोकल बॉडी विभाग द्वारा इन अफसरों पर एक्शन लिया जा सकता है। जिसे लेकर प्लान तैयार किया जा रहा है। जल्द इस संबंधी आदेश जारी हो सकते हैं।





Celebrate your Birthday
or Anniversary with UTURN TIME
in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222




2 LUCKY WINNERS
WILL GET CAKE WORTH
OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED
THROUGH LUCKY DRAW
*T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# उद्योगिक संस्थाओं ने भारत-ईयू एफटीए का स्वागत, भारतीय टेक्सटाइल सेक्टर के लिए खुलेगा नया वैश्विक दौर

लुधियाना, यूटर्न,28 जनवरी। असंख्य उद्योगिक संस्थाओं ने भारत-यूरोपीय संघ (एव) मुक्त व्यापार समझौते (FTA) के ऐतिहासिक समझौते का जोरदार स्वागत किया है। एक्सपर्ट्स की माने तो आगामी भविष्य का अंदाजा इसी से चल सकता है की वर्तमान समय में भारतीय इकोनॉमी 4.5 ट्रिलियन की है जबकि ग्लोबल जीडीपी के 25% अनुसार फता की वैल्यू 28 ट्रिलियन बन रही है। साफ शब्दों में कहे तो अभी भारत में इतने बड़े FTA के लिए पर्याप्त इंफ्रास्ट्रक्चर ही उपलब्ध नहीं है फिर भी ऐसे FTA का होना किसी सुनहरी ख्वाब से कम नहीं है। 16वें भारत-ईयू शिखर सम्मेलन में घोषित यह करार भारतीय वस्त्र एवं परिधान उद्योग के लिए एक परिवर्तनकारी कदम माना जा रहा है।



## भारतीय मैन्युफैक्चरिंग सैक्टर के लिए बन सकती है संजीवनी : राजीव गर्ग



निटत्मा के पूर्व प्रेजिडेंट राजीव गर्ग ने कहा की यूरोपीय संघ भारत के लिए वस्त्र और परिधान का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। ईयू का कुल आयात लगभग 263.5 अरब डॉलर का है। एफटीए के तहत 12 प्रतिशत तक के शुल्क हटने से भारतीय निर्यातकों को बांग्लादेश, पाकिस्तान और तुर्की जैसे प्रतिस्पर्धी देशों के मुकाबले मिल रहे चेलेंज न्यूनतम होंगे।




## मैन्युफैक्चरिंग सैक्टर के लिए के लिए गेम-चेंजर : जिंदल

ग-१३ बाइसाइकिल फोरम के प्रधान राजिंदर जिंदल ने कहा, भारत-ईयू एफटीए भारतीय इंजीनियरिंग मैन्युफैक्चरिंग सैक्टर के लिए के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है, लेकिन इसका वास्तविक लाभ इन्वेस्टमेंट ,इनोवेशन ,टेक्नोलॉजी ट्रांसफर ,स्थिरता और यूरोपीय बाजार की मांगों के अनुरूप गुणवत्ता पर निर्भर करेगा।

## टेक्सटाइल सेक्टर को प्रमुख लाभ : थापर



निटवियर क्लब के चेयरमैन विनोद थापर ने कहा की एफटीए के तहत सभी टेक्सटाइल टैरिफ लाइनों पर जीरो-ड्यूटी एक्सेस मिलेगा, जिससे गारमेंट्स, कॉटन और एमएमएफ टेक्सटाइल जैसे प्रमुख सेगमेंट को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। इससे देश के 342 जिलों और प्रमुख क्लस्टरों को ऊर्जा मिलेगी और करीब 4.5 करोड़ लोगों की आजीविका को समर्थन मिलेगा।



## फोर्जिंग ,इंजिनयरिंग और ऑटो पाट्र्स सैक्टर को मिलेगी नई उड़ान : आहूजा

अपैक्स चेंबर के प्रधान रजनीश आहूजा ने कहा की उम्मीद है की भारत-ईयू एफटीए के साथ-साथ यूके, ओमान और न्यूजीलैंड के साथ हुए हालिया समझौते भारत को एक सस्टेनेबल और भरोसेमंद वैश्विक सोर्सिंग पार्टनर के रूप में स्थापित करेंगे और 'विकसित भारत' के लक्ष्य को मजबूती देंगे। फोर्जिंग ,इंजिनयरिंग और ऑटो पाट्र्स सैक्टर को नई उड़ान मिल सकती है।

## भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनाने : सिद्धार्थ खन्ना



NITMA के प्रधान सिद्धार्थ खन्ना ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति बनाने में सहयोग करेगा। साथ ही वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह तथा उनके मंत्रालयों के अधिकारियों की संतुलित और न्यायसंगत समझौता सुनिश्चित करने हेतु सराहना की है। खन्ना ने एक और अहम मुद्दे पर ध्यान दिलाते हुए कहा कि भारत-आसियान एफटीए में ड्यूटी असंतुलन बना हुआ है, जहां कच्चे पॉलिएस्टर स्टेपल फाइबर (ल्र 55032000) पर 5.5% बेसिक कस्टम ड्यूटी है, जबकि तैयार पॉलिएस्टर स्पन यार्न (HS 55092100) ड्यूटी-फ्री आयात होता है। इससे आयात 8.4 मिलियन किलो से बढ़कर 82.7 मिलियन किलो तक पहुंच गया है, जिससे भारतीय मिलों को नुकसान हो रहा है। NITMA ने दोनों एचएसएन कोड पर समान शुल्क की मांग की है।

## यूरोप में जीरो-ड्यूटी एक्सेस से गारमेंट इंडस्ट्री को मिलेगा बूस्ट : दर्शन गाबा



लुधियाना रेडीमेट गारमेंट्स एसो (अलारजीएमए) संस्था के चेयरमैन दर्शन गाबा ने कहा की करीब दो दशकों की बातचीत के बाद भारत और यूरोपीय संघ के बीच यह एफटीए तय हुआ है, जिसके तहत भारतीय निर्यातकों को यूरोप में जीरो-ड्यूटी एक्सेस मिलेगा। दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच हुआ यह समझौता वैश्विक जीडीपी के लगभग एक-चौथाई हिस्से को कवर करता है और ऐसे समय में आया है जब वैश्विक सोर्सिंग पैटर्न तेजी से बदल रहे हैं।



## सिर्फ शुल्क कटौती तक सीमित नहीं FTA : भवरा

**फास्टनर मैन्युफैचरिंग एसो के प्रधान नरेंदर भावरा ने कहा की FTA समझौता सिर्फ शुल्क कटौती तक सीमित नहीं है, बल्कि नॉन-टैरिफ बाधाओं को हटाने, कस्टम्स सुविधा, निवेश, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और ईयू मानकों के अनुरूप 'ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग' को भी प्रोत्साहित करेगा।**

# किन्नरों ने युवक का प्राइवेट पार्ट काटा: अपहरण कर दो दिन तक भूखा-प्यासा रखा; हालत गंभीर, PGI चंडीगढ़ रेफर

पंजाब, यूटर्न, 28 जनवरी। पंजाब के लुधियाना में सनसनीखेज वारदात हुई है। यहां किन्नरों के एक ग्रुप ने युवक का अपहरण कर उसका प्राइवेट पार्ट ही काट दिया। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे इलाज के लिए पीजीआई चंडीगढ़ भेजा गया है लुधियाना में किन्नरों के दो गुटों के बीच चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस रंजिश ने अब बेहद खौफनाक रूप ले लिया है। आरोप है कि एक गुट से जुड़े युवक का अपहरण कर उसका प्राइवेट पार्ट काट दिया गया। गंभीर हालत में युवक का इलाज चंडीगढ़ स्थित पीजीआई अस्पताल में चल रहा है।

# अहमदाबाद ग्रामीण अदालत में बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

अहमदाबाद, यूटर्न, 28 जनवरी । अहमदाबाद ग्रामीण अदालत को उड़ाने की अज्ञात धमकी से बुधवार को इलाके में हड़कंप मच गया, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों और जिला प्रशासन ने तत्काल सतर्कता बढ़ा दी। धमकी भरा संदेश मिलते ही दमकल विभाग के कई वाहन मौके के लिए रवाना कर दिए गए और वरिष्ठ दमकल अधिकारियों के साथ आपातकालीन प्रतिक्रिया दल को भी अदालत परिसर में तैनात किया गया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए दमकलकर्मियों को हाई अलर्ट पर रखा गया।

# महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार का विमान दुर्घटना में निधन

चंडीगढ़/यूटर्न/28 जनवरी। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार की बुधवार को एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई। उनके अंतिम संस्कार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के शामिल होने की उम्मीद है। इस दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के नेता मौजूद रहेंगे। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह पुणे जिले में डिप्टी सीएम पवार और चार अन्य लोगों को ले जा रहा एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उनकी मौत



हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की एक टीम वीएसआर वेंचर के लियरजेट 45 विमान दुर्घटना की फोरेंसिक जांच शुरू करने के लिए बारामती दुर्घटना स्थल पर पहुंच गई है।

**फ्लाइट अचानक राडार से गायब हुई...** फ्लाइट राडार के मुताबिक, फ्लाइट ने सुबह 8 :10 बजे मुंबई से उड़ान भरी और करीब 8 :45 बजे यह राडार से गायब हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुबह आठ बजकर 50 मिनट पर जब विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ तो उसमें पांच लोग सवार थे। डिप्टी सीएम पवार राज्य में 5 फरवरी को होने वाले जिला परिषद चुनाव के प्रचार के तहत सार्वजनिक बैठकों को संबोधित करने के लिए मुंबई से बारामती जा रहे थे।

**पहले भी विमान हादसों में भारतीय नेताओं का हो चुका निधन...** गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री बलवन्तराय वकील का विमान 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उनकी मृत्यु हो गई। 1973 में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री गुरनाम सिंह की विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई। 1980 में कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी के पुत्र संजयगाँधी का निजी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 2001 में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव की विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई। 2002 में पूर्व राष्ट्रपति जी.एम.सी. बालयोगी की हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई। 2005 में हरियाणा के मंत्री ओ.पी. जिंदल और सुंदर सिंह की हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई। 2009 में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस.सी. राजशेखर रेड्डी ( रफ) की हेलिकॉप्टर में मौत हुई। 2011 में अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डोरजी खांडू, 3 मार्च 2002 को जीएमसी बालयोगी और 2025 में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी की प्लेन हादसे में मौत हुई।

लुधियाना

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

03 गुरुवार, 29 जनवरी 2026



पेज 06 अनोखे अमर शहीद बाबा दीप सिंह जी के जन्मदिवस...

# चंडीगढ़-पंजाब ट्राइसिटी में इनकम टैक्स का बड़ा एक्शन, बिल्डरों और नेताओं समेत 35 ठिकानों पर रेड

चंडीगढ़, यूटर्न, 28 जनवरी। बुधवार को इनकम टैक्स विभाग की कार्रवाई से चंडीगढ़ और पंजाब ट्राइसिटी में दिनभर हड़कंप मचा रहा। विभाग की टीमों ने पंजाब और चंडीगढ़ के बड़े बिल्डरों व नेताओं से जुड़े करीब 35 ठिकानों पर एक साथ रेड की। सुबह शुरू हुई यह कार्रवाई देर रात तक जारी रही, जबकि कई जगहों पर शाम होते-होते टीमें जांच पूरी कर लौट गई। सूत्रों के अनुसार, विभाग ने मारबेला ग्रैंड, हाइलैंड सिटी मॉल, एपी पेपर मिल समेत कई प्रॉपर्टी ग्रुप्स पर छापेमारी की। इसके अलावा होशियारपुर से पंजाब के पूर्व मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा के आवास पर भी रेड की गई।









**प्रॉपर्टी कारोबार में 'बड़े खेल' की जांच...** सूत्र बताते हैं कि चंडीगढ़ और आसपास के इलाकों में प्रॉपर्टी कारोबार में लंबे समय से बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं की चर्चा चल रही थी, जिसकी जानकारी विभाग तक पहुंची। इसी आधार पर इनकम टैक्स विभाग ने सुनियोजित तरीके से यह कार्रवाई की। रेड के दौरान विभाग को बड़ी मात्रा में दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड और अन्य वित्तीय सबूत मिले हैं, जिन्हें जांच के लिए कब्जे में लिया गया है।

## रेड से पहले ही सतर्क हो गए कारोबारी ?

चर्चाओं के मुताबिक बाजार में रेड की भनक पहले ही लग गई थी, जिसके चलते कई जगह विभाग को अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई। बताया जा रहा है कि रेड से करीब दो दिन पहले ही बाहर के राज्यों से आई टीमें चंडीगढ़ और आसपास के शहरों के होटलों में ठहर गई थीं, जिससे कारोबारी सतर्क हो गए।

सूत्रों के अनुसार टीमें खरड़, लुधियाना, जालंधर और मंडी गोबिंदगढ़ जैसे शहरों में रुकी थीं, जिसकी जानकारी धीरे-धीरे बाजार तक पहुंच गई।

## दिनभर बजती रहीं फोन की घंटियां

एक्सपट्र्स का कहना है कि विभाग की कार्यशैली अब आम लोगों और कारोबारियों को समझ आने लगी है, जिस कारण कई बार रेड से पहले ही हलचल शुरू हो जाती है। नतीजा यह रहा कि दिनभर शहर में सिर्फ रेड की चर्चाएं होती रहीं और फोन की घंटियां बजती रहीं। हालांकि विभाग की ओर से देर रात तक किसी भी तरह की आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई थी।

# नॉर्दन रेलवे मेंस यूनियन मैन ब्रांच लुधियाना की तरफ से किया गया रोष प्रदर्शन

दिनेश मौदगिल

लुधियाना, 28 जनवरी। आज नॉर्दन रेलवे मेंस यूनियन मैन ब्रांच लुधियाना की तरफ से सीडीओ लुधियाना के खिलाफ रोष प्रदर्शन के लिए गेट मीटिंग का आयोजन किया गया।



जिसमें एडीएमई लुधियाना के सामने 29/12/25 एजेंडों पर बात करते हुए सीडीओ द्वारा काम करने की बात के बाबजूद काम ना करने और अपने अड़ियल रवैया मजदूरमारु नीतियों को ले कर मुदार्बाद के नारों का सामना करना पड़ा। रोष प्रदर्शन में साथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डंडारी कला और लुधियाना मैन ब्रांच के साथियों ने हिस्सा लिया। रोष प्रदर्शन में यूनियन पदाधिकारी ने सीडीओ की कार्य प्रणाली की डटकर निंदा की और इस संघर्ष को जारी रखते हुए लगातार इस रोष प्रदर्शन को करने की बात कही ! पहले भी सीडीओ के मुदार्बाद को लेकर फिरोजपुर आला अधिकारियों द्वारा एडीएमई लुधियाना के समक्ष बैठकर कर्मचारियों के कार्य करने की बात कही थी मगर लगभग एक महीना बीत जाने के बाद भी कर्मचारियों की समस्याएं हल ना करवा पाए। आज यूनियन पदाधिकारी द्वारा हल ना होने पर आने वाले दिनों में सभी लुधियाना की यूनियन बैंचों को साथ लेकर डिपो इंचार्ज एसएसई लुधियाना के घेराव और पीपा परेड की बात कही।

आज की मीटिंग की अध्यक्षता कॉम विनोद शर्मा ने की। मंच का संचालन कॉम गौरव शर्मा ने किया।इस अवसर पर कॉम योगेश राणा, ब्रांच सेक्रेटरी कॉम सतनाम, कॉम नवजोत, कॉम अमृत सिंह, कॉम योगेश कुमार, कॉम शाम किशोर, कॉम मनोज कुमार, कॉम कुलदीप चंद, परमजीत सिंह पमा मौजूद रहे।

# चंडीगढ़ पुलिस ने महज 2 घंटे 30 मिनट में सुलझाया चोरी का मामला, सीसीटीवी और ह्यूमन इंटेलिजेंस से आरोपी गिरफ्तार



चंडीगढ़, यूटर्न, 28 जनवरी। चंडीगढ़ पुलिस ने एक बार फिर अपनी तत्परता और पेशेवर कार्यशैली का परिचय देते हुए चोरी के एक मामले को मात्र 2 घंटे 30 मिनट के भीतर सुलझा लिया। पुलिस ने सीसीटीवी निगरानी, तकनीकी विश्लेषण और ह्यूमन इंटेलिजेंस के प्रभावी उपयोग से आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया सामान भी बरामद कर लिया। इस संबंध में एफआईआर नंबर 12 दिनांक 27.01.2026, धारा 305 व 317(2) बीएनएस थाना सेक्टर-19 चंडीगढ़ में दर्ज की गई। शिकायतकर्ता अंशुल यादव पुत्र योगेश यादव, निवासी मकान नंबर 3107, सेक्टर-20ऊ चंडीगढ़ ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त अंकित के साथ मकान नंबर 3107 की टॉप फ्लोर पर किराए पर रहता है। दिनांक 25.01.2026 सुबह करीब 10 बजे यह पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके कमरे से 14 इंच का लैपटॉप, अंकित का पर्स जिसमें लगभग 15 ग्राम की सोने की चेन, और एक सफेद रंग का एप्पल आईफोन-13 चोरी कर लिया है। मामला दर्ज होते ही पुलिस ने तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया। टीम द्वारा इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच की गई, जिसमें घटना के समय एक संदिग्ध व्यक्ति को सीढ़ियों पर आते-जाते देखा गया। साथ ही स्थानीय सूत्रों और ह्यूमन इंटेलिजेंस को भी सक्रिय किया गया। सीसीटीवी फुटेज और विश्वसनीय सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने आरोपी करण शर्मा (उम्र 23 वर्ष) पुत्र सतिश शर्मा, निवासी मकान नंबर 105, पार्क के पास, दादू माजरा, चंडीगढ़ को 27 जनवरी 2026 को ही गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को महज 2 घंटे 30 मिनट की कड़ी मेहनत के बाद पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया लैपटॉप और मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है। शेष चोरी हुए सामान की बरामदगी के लिए आरोपी का एक दिन का पुलिस रिमांड माननीय न्यायालय से 28 जनवरी 2026 को प्राप्त किया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है। इस त्वरित कार्रवाई से चंडीगढ़ पुलिस की सतर्कता, पेशेवर क्षमता और अपराध पर त्वरित नियंत्रण की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। पुलिस ने कहा कि वह तकनीक और इंटेलिजेंस आधारित पुलिसिंग के जरिए नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# लुधियाना में 30 जनवरी से 1 फरवरी तक इंडिया एग्री एक्सपो 2026 होगी आयोजित, 200 से अधिक प्रमुख ब्रांड होंगे शामिल




लुधियाना/यूटर्न/28 जनवरी। कृषि एवं उससे जुड़े सहायक क्षेत्रों की उन्नति को समर्पित इंडिया एग्री एक्सपो 2026 का आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक लुधियाना एग्जीबिशन सेंटर, सहनेवाल में किया जा रहा है। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में देश-विदेश से 200 से अधिक प्रमुख ब्रांडों की भागीदारी रहेगी। इंडिया एग्री एक्सपो 2026 को कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी (पीएयू) एवं गुरु अंगद देव वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी (गडवासु) का तकनीकी एवं अकादमिक सहयोग प्राप्त है। इसके साथ ही पीएसएआईएमए (पंजाब स्मॉल इंडस्ट्रीज एंड मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन) और एएमएमए (एग्रीकल्चर मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन) भी इस प्रदर्शनी को पूर्ण समर्थन प्रदान कर रही हैं।

प्रदर्शनी में कृषि मशीनरी एवं उपकरण, ट्रैक्टर एवं इम्प्लीमेंट्स, पराली प्रबंधन के आधुनिक समाधान, सिंचाई एवं जल प्रबंधन प्रणालियाँ, बीज, उर्वरक एवं फसल संरक्षण उत्पाद, एग्रो-प्रोसेसिंग एवं पोस्ट-हार्वेस्ट तकनीक, डेयरी एवं पोल्ट्री सेक्टर, उद्यानिकी उपकरण, नवीकरणीय ऊर्जा तथा स्मार्ट फार्मिंग समाधान प्रदर्शित किए जाएंगे। एक्सपो के दौरान कृषि विशेषज्ञों एवं वैज्ञानिकों द्वारा तकनीकी सेमिनार, लाइव डेमोंस्ट्रेशन और संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य किसानों को उत्पादन बढ़ाने, लागत कम करने, यंत्रीकरण अपनाने तथा उद्यानिकी एवं डेयरी क्षेत्र में नए अवसरों की जानकारी देना है।

Uturn Time 29 Jan 2026_Layout 2 28-01-2026 22:55 Page 4



# मोहाली में SSP ऑफिस के बाहर दिनदहाड़े युवक की गोलियां मारकर हत्या, वारदात को अंजाम दे हमलावर फरार

नवीन गोगना

मोहाली, यूटर्न, 28 जनवरी। एसएसपी ऑफिस के बाहर बुधवार को दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कड़ी सुरक्षा वाले एरिया में वारदात को अंजाम देकर हमलावर फरार हो गए। मरने वाला युवक की पहचान रुड़की निवासी गुरप्रीत के रूप में हुई है। हमलावरों ने उसे तीन गोलियां मारीं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और पूरे इलाके को सील कर दिया गया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया गया।



प्रारंभिक जांच में यह मामला आपसी रंजिश से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और हमलावरों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। इस घटना ने एसएसपी कार्यालय जैसे उच्च-सुरक्षा वाले क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# अवैध माइनिंग पर सख्ती: पुलिस व माइनिंग विभाग ने बुर्जकोटियां के पास बिना वैध दस्तावेज टिप्पर पकड़ा




पंचकूला, यूटर्न, 28 जनवरी। पंचकूला जिले में अवैध माइनिंग के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत माइनिंग विभाग और अमरावती चौकी इन्चार्ज सब इंस्पेक्टर प्रीतम सिंह की टीम ने कार्रवाई करते हुए आज शाम करीब 4 बजे बुर्जकोटियां के पास जांच के दौरान एक टिप्पर को पकड़ा। जांच के दौरान चालक द्वारा वाहन से संबंधित कोई भी वैध बिल अथवा टैक्स संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर उक्त टिप्पर को अमरावती चौकी में खड़ा करवाया गया, जिसके बाद माइनिंग विभाग द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए वाहन को इंपाउंड कर दिया गया। इस संबंध में डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले में किसी भी सूरत में अवैध माइनिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध माइनिंग पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिला पुलिस की दोनों एंटी-इलीगल माइनिंग टीमें पूरी तरह सक्रिय हैं और स्थानीय थाना व चौकी स्तर पर संबंधित विभागों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी के साथ-साथ फील्ड में भी लगातार गश्त की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने आमजन से भी अपील की कि यदि कहीं भी अवैध माइनिंग या इससे जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस या संबंधित विभाग को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# कूड़ा रेहड़ी विवाद में दोहरी हत्या: पार्क में सो रहे युवकों पर पत्थरों से हमला करने वाले को उम्रकैद

चंडीगढ़, यूटर्न, 28 जनवरी। मामूली विवाद ने दिल दहला देने वाला रूप ले लिया। कूड़ा उठाने की रेहड़ी चोरी के शक में दो युवकों की बेरहमी से हत्या करने वाले आरोपी को जिला अदालत ने दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

यह सनसनीखेज वारदात 19 मई 2022 की है। सेक्टर-38डी स्थित ई-संपर्क सेंटर के पास बने पार्क में रात के समय मनोज उर्फ पांडा और किशोरी सो रहे थे। इसी दौरान मलोया कॉलोनी निवासी 48 वर्षीय राजू ने दोनों पर पत्थरों से ताबड़तोड़ हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया और फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही सेक्टर-39 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों



को पीजीआई ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मनोज को मृत घोषित कर दिया। वहीं किशोरी ने भी इलाज के दौरान कुछ दिन बाद दम तोड़ दिया। मामले की जांच में पुलिस ने इलाके में लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाली और स्थानीय लोगों से पूछताछ की। जांच में सामने आया कि आरोपी और मृतक तीनों कूड़ा उठाने का काम करते थे और घटना से पहले उनका आपस में झगड़ा हुआ था।

पुलिस पूछताछ में आरोपी राजू ने स्वीकार किया कि उसे शक था कि मनोज और किशोरी ने उसकी कूड़ा उठाने वाली रेहड़ी चोरी कर ली है। इसी शक के चलते पहले देर रात बहस हुई और बाद में आरोपी ने सुबह करीब चार बजे मौका देखकर पार्क में सो रहे दोनों युवकों पर हमला कर दिया। अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किए गए गवाहों, मेडिकल रिपोर्ट और पुलिस साक्ष्यों को निर्णायक मानते हुए न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा सुनाई।

इस फैसले को अदालत ने समाज के लिए एक कड़ा संदेश बताया कि छोटे विवाद भी जब हिंसा में बदलते हैं, तो उसका अंजाम बेहद गंभीर होता है।

# बुजुर्ग महिला से 2.98 करोड़ रुपये के साइबर फ्रॉड में चौथा आरोपी गिरफ्तार, 2 आरोपियों को आज न्यायिक हिरासत भेजा

पंचकूला, यूटर्न, 28 जनवरी। पंचकूला पुलिस की साइबर क्राइम टीम ने डिजिटल अरेस्ट और फर्जी कोर्ट रूम के माध्यम से एक बुजुर्ग महिला से 2 करोड़ 98 लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान रमन कुमार वासी फिरोजपुर पंजाब हाल किरायेदार मोहाली के रुप में हुई है। आरोपी को कल कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी।

## इस मामले में तीन आरोपी पहले से गिरफ्तार

इस मामले में इससे पहले पुलिस ने 15 जनवरी को पूर्वी दिल्ली निवासी नितिन सिंघल को दिल्ली में रेड कर गिरफ्तार किया था। पुलिस जांच में आरोपी के बैंक खाते में करीब 17 लाख रुपये की ठगी की रकम पाई गई। आरोपी को रिमांड के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। उसके बाद पुलिस ने अन्य 2 आरोपियों अजय और राम को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के रहने वाले हैं और वर्तमान में मोहाली में किराये के मकान में रह रहे थे। दोनों आरोपियों से रिमांड के दौरान मामले से जुडी जानकारी जुटाकर आज न्यायिक हिरासत भेज दिया है।

## नकली सीबीआई व फर्जी कोर्ट रुम दिखाकर विडियो कॉल पर बुजुर्ग महिला को हाउस अरेस्ट करने का मामला आया था सामने



## क्या था पूरा मामला

शिकायतकर्ता पंचकूला निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 दिसंबर को उसके पास एक कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को एक टेलीकॉम कंपनी का कर्मचारी बताया और सेवाएं बंद होने की बात कही। इसके बाद कॉल को कथित सीनियर अधिकारी और फिर खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले व्यक्ति से जोड़ दिया गया। आरोपी ने महिला पर बैंकिंग चैनलों के माध्यम से करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने का झूठा आरोप लगाया। भरोसा दिलाने के लिए आरोपियों ने महिला को कुछ फोटो भी भेजीं, जिनमें एक व्यक्ति को गिरफ्त में दिखाया गया था। आरोपियों ने महिला की अधिक उम्र का फायदा उठाते हुए उसे 'हाउस अरेस्ट' में होने का डर दिखाया और कहा कि पुलिस की गाड़ी उसके घर के बाहर खड़ी है तथा वह बिना अनुमति कहीं नहीं जा सकती। इस दौरान महिला से सभी बैंक खातों की जानकारी ले ली गई और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर उसके बच्चों की जान को खतरा होने की धमकी दी गई। 5 दिसंबर को आरोपियों ने वीडियो कॉल के माध्यम से महिला को एक नकली कोर्ट रूम में पेश किया, जहां फर्जी पुलिसकर्मी और नकली जज मौजूद थे। तथाकथित जांच के नाम पर डराकर आरोपियों ने महिला से कुल 2 करोड़ 98 लाख रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवा लिए। बाद में जब आरोपियों ने और पैसों की मांग की, तब महिला को साइबर ठगी का शक हुआ और उसने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवाई। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम थाना पंचकूला में 14 दिसंबर को भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 318(4), 319(2), 338, 336(3), 340(2) व 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने ऑनलाइन मनी लॉन्ड्रिंग, फर्जी समन व वारंट भेजने, फर्जी कोर्ट रूम तैयार करने और पुलिस व जांच एजेंसियों के अधिकारी बनकर इस सुनियोजित ठगी को अंजाम दिया था।

Uturn Time 29 Jan 2026_Layout 2 28-01-2026 22:55 Page 5



यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 08 बलविंदर सिंह बने विरासत सेवा संगठन के जिला...

# गुरुग्राम और करनाल के स्कूलों में बम की धमकी, ईमेल भेज फैलाई दहशत, कैंपस खाली कराए गए




चंडीगढ़/यूटर्न/28 जनवरी। बुधवार सुबह चंडीगढ़, गुरुग्राम और करनाल के स्कूलों में बम की धमकी वाले ईमेल की एक लहर ने छात्रों, माता-पिता और स्कूल अधिकारियों के बीच दहशत फैला दी, जिससे बड़े पैमाने पर लोगों को बाहर निकालना पड़ा और पुलिस और विशेष एजेंसियों द्वारा बड़े पैमाने पर सुरक्षा जांच शुरू की गई। चंडीगढ़ में, दिन की शुरूआत में कम से कम पांच प्रमुख प्राइवेट स्कूलों को धमकी भरे ईमेल मिले। इनमें सेंट कबीर पब्लिक स्कूल, विवेक हाई स्कूल, भवन विद्यालय, सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल और चिटकारा स्कूल शामिल हैं। कुछ सरकारी स्कूलों को भी कथित तौर पर निशाना बनाया गया था। स्थिति तब और बिगड़ गई जब शहर के कुछ हिस्सों में इमरजेंसी सायरन बजाया गया, जिससे निवासियों में चिंता बढ़ गई।

## स्कूलों की इमारतें करवाई खाली

एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा, एहतियात के तौर पर, स्कूल की इमारतों को खाली करा लिया गया, जिससे छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। स्कूलों ने माता-पिता को आज बच्चों को कैंपस न भेजने के लिए सूचित किया, और इसके बजाय ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित की जाएगी। इस बीच, करनाल जिले में भी दहशत फैल गई, जहां 12 प्राइवेट स्कूलों को इसी तरह के बम की धमकी वाले ईमेल मिले। स्कूल प्रशासन ने तुरंत अपनी इमारतों को खाली कराना शुरू कर दिया। छात्रों को सुरक्षित रूप से घर भेज दिया गया, जबकि शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने निकासी प्रक्रिया के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने में मदद की।

## गुरुग्पाम में आठ स्कूलों को धमकी

गुरुग्राम में भी ऐसी ही स्थिति सामने आई, जहां बुधवार तड़के कम से कम आठ प्राइवेट स्कूलों को ईमेल के जरिए बम की धमकियां मिलीं। शहर की पुलिस ने तेजी से कार्रवाई की, स्थानीय पुलिस स्टेशनों से टीमों को डॉग स्क्वाड, बम डिस्पोजल यूनिट और अन्य विशेष बलों के साथ व्यापक तलाशी के लिए तैनात किया। सूत्रों ने बताया कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमों को भी प्रभावित स्थानों पर सेवा में लगाया था। जिन स्कूलों को धमकी मिली उनमें डीएलएफ फेज-1 में कुनस्काप्सस्कोलन, सेक्टर 53 में लैंसर्स इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 64 में हेरिटेज एक्सपीरिएंशियल लर्निंग स्कूल और बादशाहपुर में पाथवेज वर्ल्ड स्कूल शामिल हैं।

## अधिकारियों ने किया सूचित

अलर्ट के बाद, स्कूल अधिकारियों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सुरक्षाकर्मी कैंपस पहुंचे और एहतियात के तौर पर छात्रों और कर्मचारियों को बाहर निकालने का आदेश दिया। स्कूल की इमारतों के अंदर मौजूद बच्चों को व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलने के लिए कहा गया, जबकि जो अभी तक नहीं पहुंचे थे, उन्हें घर लौटने के लिए कहा गया। बम डिटेक्शन और डिस्पोजल दस्ते ने परिसर की गहन तलाशी ली। आखिरी अपडेट तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

## ईमेल भेजने वाले की जांच जारी

तीनों क्षेत्रों के पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच जारी है। खतरे वाले मैसेज का एनालिसिस करने और भेजने वालों की पहचान करने के लिए साइबर टीमों को लगाया गया है। अधिकारियों ने माता-पिता और जनता से पैनिक न होने की अपील की और भरोसा दिलाया कि सभी जरूरी सुरक्षा प्रोटोकॉल फॉलो किए जा रहे हैं। हालांकि अब तक कोई विस्फोटक नहीं मिला है, लेकिन इन घटनाओं ने एक बार फिर एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस को टारगेट करने वाली झूठी धमकियों और बच्चों और परिवारों पर ऐसे अलर्ट के साइकोलॉजिकल असर को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

## यह स्कूल हुए प्रभावित

चंडीगढ़ में सेंट कबीर, विवेक हाई, भवन विद्यालय, सेक्रेड हार्ट, चिटकारा स्कूल, गुड़गांव में कुनस्कैप्सकोलन (ऊछक्रफेज-1), लैंसर्स इंटरनेशनल (सेक्टर 53), हेरिटेज एक्सपीरिएंशियल (सेक्टर 64), पाथवेज वर्ल्ड स्कूल (बादशाहपुर), करनाल में 12 प्राइवेट स्कूल (नाम प्रतीक्षित) प्रभावित हुए।

# किश्तवाड़ में भूस्खलन से दर्जनों मवेशियों की मौत, ताजा बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, श्रीनगर में उड़ानें शुरू

चंडीगढ़/यूटर्न/28 जनवरी। जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ ज़िले में बुधवार को हुए भूस्खलन में दर्जनों मवेशी दब गए, जबकि पूरे केंद्र शासित प्रदेश में ताजा बर्फबारी से सड़क, हवाई और रेल कनेक्टिविटी बाधित हो गई, जिससे कई इलाकों में सामान्य जनजीवन लगभग ठप हो गया। यह भूस्खलन किश्तवाड़ में हस्ती पुल के पास एक दूरदराज के इलाके में हुआ, जहाँ खानाबदोश चरवाहों का एक समूह पहाड़ी इलाके से अपने झुंड को ले जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि ढलान का एक हिस्सा खिसकने से दर्जनों भेड़ें और बकरियाँ मिट्टी और चट्टानों के नीचे दब गईं, जिसका कारण संभवतः कड़ाके की ठंड के मौसम में जमीन की अस्थिर स्थिति थी। जानवरों के साथ चल रहे चरवाहे तो बिना किसी चोट के बच निकलने में कामयाब रहे, लेकिन मवेशियों के नुकसान से उनकी आजीविका को भारी झटका लगा है।



## बर्फबारी से राजमार्ग हुआ बंद

ताजा बर्फबारी के कारण श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया, जो कश्मीर घाटी और देश के बाकी हिस्सों के बीच एकमात्र बारहमासी सड़क संपर्क है। भारी बर्फ जमा होने और फिसलन भरी स्थितियों के कारण अधिकारियों को वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी, जिससे राजमार्ग के दोनों ओर सैकड़ों वाहन फंस गए। बर्फ हटाने का काम जारी था, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि यातायात तभी फिर से शुरू होगा जब मौसम की स्थिति में सुधार होगा।

## बचाव कार्य हुआ शुरू

स्थानीय लोगों ने बताया कि भूस्खलन अचानक हुआ, जिससे प्रतिक्रिया करने का बहुत कम समय मिला। दबे हुए जानवरों को निकालने के लिए बचाव टीमों को लगाया गया, हालांकि अधिकारियों ने चेतावनी दी कि मारे गए मवेशियों की सही संख्या की पुष्टि मलबा हटने के बाद होगी। अधिकारियों ने संवेदनशील इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है, क्योंकि सर्दियों के मौसम में और भूस्खलन का खतरा अधिक रहता है। यह घटना एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जम्मू और कश्मीर में व्यापक ताजा बर्फबारी के साथ हुई।

## हवाई अड्डे से उड़ानें शुरू

हवाई कनेक्टिविटी भी प्रभावित हुई, हालांकि अधिकारियों ने बताया कि बुधवार (28 जनवरी, 2026) को श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ानें फिर से शुरू हो गईं, कश्मीर में बर्फबारी के कारण सभी उड़ानें रद्द होने के एक दिन बाद। कई ज़िलों में ट्रेन सेवाएं और स्थानीय सड़क यातायात प्रभावित हुआ क्योंकि बर्फ से ढकी सड़कों पर आवागमन मुश्किल हो गया था। अधिकारियों ने ऊँचे इलाकों के लिए हिमस्खलन की चेतावनी जारी की और निवासियों, पर्यटकों और यात्रियों से अनावश्यक आवाजाही से बचने और आधिकारिक सलाह का पालन करने का आग्रह किया। बाधाओं और जोखिमों के बावजूद, बर्फबारी ने गुलमर्ग, पहलगाम और सोनमर्ग जैसे लोकप्रिय टूरिस्ट जगहों की खूबसूरती बढ़ा दी है।

## हालात सुधार की उम्मीद

मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में हालात में धीरे-धीरे सुधार का अनुमान लगाया है, हालांकि कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी जारी रह सकती है। अधिकारियों ने बताया कि बर्फबारी से जुड़ी घटनाओं या भूस्खलन से होने वाली किसी भी इमरजेंसी से निपटने के लिए आपदा राहत टीमें स्टैंडबाय पर हैं।

# SC, ST, OBC और अल्पसंख्यक विभागों को बड़ी भागीदारी, प्रदेश चेयरमैन होंगे PEC के आधिकारिक सदस्य

चंडीगढ़, यूटर्न, 28 जनवरी। कांग्रेस पार्टी ने सामाजिक न्याय और समावेशी प्रतिनिधित्व की दिशा में एक अहम और ऐतिहासिक निर्णय लिया है। पार्टी ने SC, ST, OBC एवं अल्पसंख्यक विभागों के प्रदेश चेयरमैन को आधिकारिक रूप से प्रदेश इलेक्शन कमेटी (PEC) में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल करने का फैसला किया है। इस संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) द्वारा औपचारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।



कांग्रेस के इस निर्णय से चुनावी रणनीति, उम्मीदवार चयन और नीति निर्धारण की प्रक्रिया में वंचित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों की सीधी और प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित होगी। साथ ही, जमीनी स्तर की वास्तविक समस्याएं पार्टी नेतृत्व तक मजबूती से पहुंच सकेंगी।

इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए चंडीगढ़ कांग्रेस माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के चेयरमैन आसिफ चौधरी ने कहा कि यह निर्णय कांग्रेस पार्टी की समावेशी सोच और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने बताया कि पिछली मुलाकात के दौरान राहुल गांधी द्वारा दिया गया आश्वासन अब औपचारिक नोटिफिकेशन के रूप में साकार हुआ है।

आसिफ चौधरी ने कहा कि SC, ST, OBC और अल्पसंख्यक विभागों को PEC में प्रतिनिधित्व मिलने से आने वाले चुनावों में पार्टी को मजबूती मिलेगी और सभी वर्गों की आवाज निर्णायक मंच तक प्रभावी रूप से पहुंचेगी।




# अनोखे अमर शहीद बाबा दीप सिंह जी के जन्मदिवस को समर्पित नगर कीर्तन सजाया गया





लुधियाना/यूटर्न/28 जनवरी। अमर शहीद बाबा दीप सिंह सेवा सोसायटी, दशमेश सेवा सोसायटी, गुरुद्वारा श्री दशमेश सिंह सभा ब्लॉक-जे तथा समूची गुरिंदर पाल सिंह पप्पू टीम भाई रणधीर सिंह नगर की ओर से अनोखे अमर शहीद बाबा दीप सिंह जी के जन्मदिवस को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया और पंज प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन सजाया गया, जिसमें संगत ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ की समाप्ति उपरांत सजाया गया नगर कीर्तन अपने पुराने मार्ग से होता हुआ देर शाम गुरुद्वारा साहिब में संपन्न हुआ।

हर वर्ष की तरह एच.आई. ब्लॉक में स्थित तीसरी बटालियन के जवानों द्वारा कमांडेंट राज कुमार जलहोटरा के नेतृत्व में तीसरी भारतीय रिजर्व बटालियन मुख्यालय के सामने धन-धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सम्मानपूर्वक सलामी दी गई और पुष्प वर्षा की। नगर कीर्तन के दौरान गतका पार्टियां, बैंड पार्टियां, शहीद सिंहों की झांकियां, शब्दी जत्थे, महिला सत्संग सभाएं और बड़ी संख्या में क्षेत्र की संगत शामिल हुई। नगर कीर्तन में धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक और भाईचारे के प्रमुक आगू बाबा सुखबीर सिंह, प्रधान प्रितपाल सिंह, एडवोकेट परउपकार सिंह घुम्मन, प्रधान भूपिंदर सिंह भिंदा, डॉक्टर हितेशइंदर सिंह ग्रेवाल, भाजपा प्रधान रजनीश धीमान, भारत भूषण आशु, पवन दीवान, इंदरजीत सिंह इंदी, नगर सुधार ट्रस्ट के चेयरमैन तरसेम सिंह भिंडर, एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू, कृष्ण कुमार बावा, उमराव सिंह छीना, गुरमीत सिंह कुलार, सुरिंदर सिंह चौहान, जसवंत सिंह छापा, कुलविंदर शर्मा किंद, मनमोहन सिंह मनी, अवतार सिंह बिट्टा, हरप्रीत सिंह मक्कू, गुरमीत सिंह स्टडी सर्कल, कवेलदीप सिंह बहल, गुरप्रीत सिंह बेदी, हरप्रीत सिंह बेदी, जगजीत सिंह अरोड़ा, शीतला माता मंदिर के प्रधान अशोक सचर, अमरजीत सिंह बब्बू, प्रधान गुलबहार सिंह गुल्लू, प्रभजोत सिंह, संजीव सचदेवा शेरू, गुरदीप सिंह लील, दर्शन लाल लड्डू बवेजा, चरणप्रीत सिंह दूआ, जसबीर सिंह दूआ तथा इंदरजीत कौर ओबराय को समूची पप्पू टीम द्वारा सम्मानित किया। इस मौके पर सुरजीत सिंह अरोड़ा, एडवोकेट गगनप्रीत सिंह, गुरचरण सिंह मिंटा, गुरचरण सिंह टोहड़ा, नगिंदर सिंह, वरिंदर सिंह शैली, हरजिंदर सिंह, मनमोहन सिंह मोहनी, हरविंदर सिंह राजू, अमरजीत सिंह बिट्ठू, बलजिंदर सिंह मठाड़ू, बलविंदर सिंह गाबा, अमरजीत सिंह बबला, इंदरजीत सिंह रिक्की, परमजीत सिंह लवली, नरिंदरपाल सिंह सोनू, अजीत पाल सिंह आदि उपस्थित थे।

## रूह से रूबरू

### UGC Act 2026 के कारण आम जनरल वर्ग के लोगों को होने वाली संभावित परेशानियाँ



चारू नागपाल




UGC Act 2026 का उद्देश्य देश की उच्च शिक्षा व्यवस्था को अधिक संगठित, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी बनाना है। हालांकि इसके कई सकारात्मक पहलू हैं, लेकिन जो छात्र और नागरिक किसी भी आरक्षित श्रेणी (जैसे SC, ST, OBC या EWS) में नहीं आते, अर्थात आम जनरल वर्ग के लोग, उन्हें कुछ परेशानियों कासामना करना पड़ सकता है। सबसे बड़ी समस्या प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी हो सकती है। आरक्षण की सीमा बढ़ने या सीटों के पुनर्वितरण के कारण जनरल वर्ग के छात्रों के लिए सीमित सीटों पर अत्यधिक प्रतिस्पर्धा हो जाती है। इससे योग्य छात्रों पर मानसिक दबाव बढ़ता है और कई बार बेहतर अंक होने के बावजूद प्रवेश नहीं मिल पाता। इसके अलावा, UGC Act 2026 के अंतर्गत यदि कॉमन एंट्रेंस एग्जाम या नई मूल्यांकन प्रणालियाँ लागू होती हैं, तो जनरल वर्ग के मध्यमवर्गीय परिवारों पर कोचिंग और तैयारी का आर्थिक बोझ बढ़ सकता है। एक और परेशानी यह है कि छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता योजनाएँ प्रायः आरक्षित वर्गों तक सीमित रहती हैं,जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन जनरल वर्ग के छात्र सहायता से वंचित रह जाते हैं। इस प्रकार, UGC Act 2026 शिक्षा सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण है, लेकिन इसमें आम जनरल वर्ग के छात्रों के हितों और समान अवसरों का ध्यान रखना भी अत्यंत आवश्यक है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Modus Operandi: पुलिस इसे बार-बार क्यों लिखती है?**

अक्सर FIR, चार्जशीट या पुलिस की प्रेस ब्रीफिंग में एक शब्द बार-बार दिखाई देता है—Modus Operandi. आम पाठक के लिए यह शब्द तकनीकी लगता है, लेकिन इसका अर्थ काफी सीधा है। Modus Operandi का मतलब होता है—अपराध करने का तरीका।

पुलिस किसी मामले में यह समझने की कोशिश करती है कि अपराध कैसे किया गया—तैयारी क्या थी, कौन-से साधन इस्तेमाल हुए, और किस क्रम में घटना घटी। यही पैटर्न Modus Operandi कहलाता है। इससे पुलिस को यह अनुमान लगाने में मदद मिलती है कि क्या यह अपराध किसी एक व्यक्ति या गिरोह के 'पहचाने हुए तरीके' से जुड़ा है।

इस शब्द का महत्व तब बढ़ जाता है, जब एक जैसे तरीके से कई घटनाएँ होती हैं। समान Modus Operandi यह संकेत दे सकता है कि मामलों के पीछे वही व्यक्ति या समूह हो सकता है। इसलिए जाँच में इस पहलू पर विशेष ध्यान दिया जाता है—यह सबूत नहीं होता, लेकिन जाँच की दिशा तय करने में मदद करता है।

यह समझना जरूरी है कि Modus Operandi अपने-आप में दोष सिद्ध नहीं करता। अदालत सबूतों के आधार पर निर्णय करती है। केवल यह कहना कि 'तरीका मिलता-जुलता है' काफी नहीं होता; इसे ठोस साक्ष्यों से जोड़ना आवश्यक है।

निष्कर्ष: Modus Operandi जाँच का औजार है, फैसला नहीं। यह पुलिस को अपराध समझने और पैटर्न पहचानने में मदद करता है, लेकिन अंतिम निर्णय साक्ष्यों और कानून के आधार पर ही होता है। भारी शब्द के पीछे यही सरल सच छिपा है।

# एकता का सूत्र हैं एक गुरु ओर एक विधान : आचार्य श्री महाश्रमण

## 162वें मयार्दा महोत्सव पर पंजाब पर बरसी गुरुकृपा





लुधियाना, यूटर्न, 27 जनवरी। छोटी खाटू ,डीडवाना,राजस्थान में पहली बार आयोजित श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के 162वें मयार्दा महोत्सव के उपलक्ष पर तेरापंथ धर्मसंघ के शिखर पुरुष, युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी ने चतुर्विध धर्मसंघ को मंगल पाथेय प्रदान करते हुए कहा कि एकता के सूत्र है-एक आचार,एक विचार,एक आचार्य,एक विधान ओर एक गुरु है।

इसके पश्चात आचार्यश्री ने वर्ष 2029 का चतुर्मास महाप्रज्ञ इण्टरनेशनल स्कूल-फागला,हंबडा रोड़,लुधियाना में करने की घोषणा की। इसके साथ ही आचार्यश्री ने वर्ष 2029 चंडीगढ़ में मयार्दा महोत्स व पंजाब के जगराओ, सुनाम, अहमदगढ़, धुरी, अमृतसर, मलेरकोटला, लोंगोवाल, बरेटा, नाभा, भीखी, जेतोमण्डी, पातड़ा, भटिण्डा, गोविन्दगढ़, संगरूर, पंचकुला आदि अनेकानेक स्थानों को स्पर्श करने की घोषणा करते हुए जम्मू व शिमला की यात्रा की भी घोषणा की। आचार्यश्री की इस घोषणा ने मानों पूरे उत्तर भारत को भावविभोर कर दिया हो।

श्री जैन श्वेताबंर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष धीरज जैन सेठिया ने बताया कि पूरा जैन तेरापंथ समाज मयार्दा महोत्सव के उपलक्ष पर 23 जनवरी को ससंघ के रुप में छोटी खाटू पहुंचा।

जैन समाज के रत्न व उपासक श्रेणी के राष्ट्रीय संयोजक सूर्यप्रकाश सामसुखा के नेतृत्व में ससंघ ने गुरु चरणों में चातुर्मास की एक बार फिर से अर्ज की । जय-जय ज्योतिचरण जय-जय महाश्रमण व लुधियाना की इक अरदास चातुर्मास-चातुर्मास के जयकारों से गूंज उठा।

आचार्य श्री महाश्रमणजी ने लुधियाना समाज की अर्ज को स्वीकार करते हुए वर्ष 2029 का चातुर्मास लुधियाना श्रावक समाज की झोली में डाल दिया। पूरा पंडाल ओम अर्हम की ध्विन से गूंज उठा।

Uturn Time 29 Jan 2026_Layout 2 28-01-2026 22:55 Page 7



# एयरोसिटी जी-ब्लॉक में वकील के बंद मकान में सेंधमारी

## ताले तोड़कर चोर ले उड़े टीवी, सिलेंडर सहित कीमती सामान

जीरकपुर, यूटर्न, 28 जनवरी। एयरोसिटी के जी-ब्लॉक में एक वकील के बंद मकान में अज्ञात चोरों द्वारा जबरन सेंधमारी कर चोरी की गंभीर वारदात सामने आई है। पीड़ित अनिल मल्होत्रा, जो पेशे से वकील हैं और जी-ब्लॉक एयरोसिटी, मोहाली के निवासी हैं, ने इस संबंध में पुलिस को लिखित शिकायत दी है।

शिकायत के अनुसार मकान लंबे समय से बंद था। 23 जनवरी 2026 की रात अज्ञात व्यक्ति अथवा व्यक्तियों ने मकान का मुख्य गेट और घर के ताले तोड़कर जबरन प्रवेश किया। चोर घर से सैनिटरी फिटिंग, गैस सिलेंडर, टीवी, म्यूजिक सिस्टम सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। इसके अलावा घर के घरेलू सामान को भी काफी नुकसान पहुंचाया गया।



24 जनवरी 2026 को दोपहर करीब एक बजे पड़ोसी हरमन सिंह ने मकान का गेट खुला होने की सूचना दी, जिसके बाद अनिल मल्होत्रा मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि गेट की कुंडी और ताले काटे गए थे और घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। रसोई में रखा सामान पूरी तरह क्षतिग्रस्त मिला। शिकायत में बताया गया कि गैस सिलेंडर गायब था, बर्नर हटाए गए थे तथा रसोई और बाथरूम की पीतल की फिटिंग, नल और अन्य उपकरण जबरन उखाड़ लिए गए।

आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने खराब मौसम का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। आरडब्ल्यूए जी-ब्लॉक एसोसिएशन द्वारा पूछताछ और प्रयासों के बावजूद अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस घटना से कॉलोनी में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4) और 305 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने मांग की है कि आरोपियों की जल्द पहचान कर गिरोह की गतिविधियों पर रोक लगाई जाए, ताकि कॉलोनीवासियों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# सरकारी स्कूल बने पहली पसंद, 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' की सीटों के लिए रिकॉर्ड आवेदन




चंडीगढ़, यूटर्न, 28 जनवरी। पंजाब में सरकारी शिक्षा व्यवस्था को लेकर धारणा तेजी से बदल रही है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में चल रही 'शिक्षा क्रांति' का असर अब जमीनी स्तर पर साफ दिखाई देने लगा है। राज्य के स्कूल ऑफ एमिनेंस (SOE) और रेज़िडेंशियल स्कूल्स फॉर मेरिटोरियस स्टूडेंट्स (RSMS) में दाखिले के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों की अभूतपूर्व दिलचस्पी सामने आई है।

पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिले हेतु 2 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया है, जबकि कुल उपलब्ध सीटों की संख्या लगभग 20 हजार है। यह आंकड़ा सरकारी स्कूलों में मिल रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बढ़ते भरोसे को दशार्ता है।

### राज्यभर में १२८ प्रतिष्ठित सरकारी स्कूल

शिक्षा मंत्री के अनुसार, वर्तमान में पंजाब में 118 स्कूल ऑफ एमिनेंस और 10 रेज़िडेंशियल स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। इन स्कूलों में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, अनुभवी शिक्षक और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### सीटों की स्थिति

- 9वीं कक्षा : • स्कूल ऑफ एमिनेंस में 4,248 सीटें (प्रति स्कूल 36)
- रेज़िडेंशियल स्कूलों में 50 सीटें
- 11वीं कक्षा : • कुल स्वीकृत सीटें 15,104
- इनमें से 3,917 छात्र पहले से रडए में पढ़ रहे हैं और उन्हें 11वीं में प्रमोट किया जाएगा
- शेष सीटों में रडए की 11,187 सीटें और फ्रटर की 4,600 सीटें शामिल हैं

### आवेदनों का हाल

शिक्षा विभाग के आंकड़ों के मुताबिक—

- 9वीं कक्षा के लिए 93,300 छात्रों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 74,855 आवेदन जमा हो चुके हैं
- 11वीं कक्षा के लिए 1,10,716 पंजीकरण, जिनमें से 92,624 आवेदन सफलतापूर्वक सबमिट किए जा चुके हैं
- करीब 36,537 छात्र अभी अंतिम प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं

### महत्वपूर्ण तिथियां

शिक्षा मंत्री ने छात्रों और अभिभावकों से अपील की है कि वे समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।

- आवेदन की अंतिम तिथि : 25 जनवरी 2026 • प्रवेश परीक्षा : 1 मार्च 2026

प्रवेश पत्र और परीक्षा केंद्रों से संबंधित जानकारी विभाग की ओर से आधिकारिक माध्यमों से जारी की जाएगी। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि सरकारी स्कूलों की ओर बढ़ता यह रुझान आने वाले वर्षों में शिक्षा के निजीकरण की सोच को भी चुनौती दे सकता है और पंजाब को शैक्षणिक मॉडल स्टेट के रूप में स्थापित कर सकता है।

# डॉ. सुमीत बराड़ रंधावा ने संभाला सरकारी साइंस कॉलेज की डायरेक्टर का कार्यभार

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/28/जनवरी। क्षेत्र की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था सरकारी सन्मति साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च कॉलेज, जगरांव में स्थायी डायरेक्टर के पद को लेकर चल रहा लंबा इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। पंजाब सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में जारी की गई 21 प्रिंसिपलों की पदोन्नति सूची के तहत डॉ. सुमीत बराड़ रंधावा को कॉलेज का नया डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। बुधवार को डॉ. रंधावा ने कॉलेज पहुंचकर विधिवत रूप से अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया, जिससे कॉलेज के प्रशासनिक और शैक्षणिक माहौल में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उल्लेखनीय है कि



डॉ. सुमीत बराड़ रंधावा इससे पूर्व सरकारी कॉलेज (लड़कियां), लुधियाना में रजिस्ट्रार के पद पर अपनी सेवाएं दे रही थीं। शिक्षा के क्षेत्र में उनका करीब 19 वर्षों का लंबा और शानदार अनुभव रहा है। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 2007 में सरकारी कॉलेज (लड़के), लुधियाना से की थी और बाद में लंबे समय तक लड़कियों के कॉलेज में भी अपनी सेवाएं दीं। उनके बेहतरीन प्रशासनिक अनुभव को देखते हुए, इस नियुक्ति को संस्थान के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पदभार ग्रहण करने के इस खास अवसर पर डॉ. रंधावा के साथ उनके पति कैप्टन अमृतवीर पाल सिंह रंधावा, पुत्र मनराज सिंह रंधावा और जयवीर पाल सिंह रंधावा विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर पूर्व प्रिंसिपल धर्म सिंह, प्रो. सुमन लता, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल प्रो. परमिंदर कौर, प्रो. जसप्रीत कौर, प्रो. सरिता और प्रो. हरलीन कौर सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने नवनियुक्त डायरेक्टर को बधाई दी।

# कर भला हो भला टीम द्वारा जोनल यूथ फेस्टिवल के पदक विजेता छात्रों का सम्मान

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/28 जनवरी। समाजसेवी संस्था कर भला हो भला की टीम द्वारा बुधवार को लाला लाजपत राय डीएवी कॉलेज, जगराओं के ऑडिटोरियम हाल में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया।

इस अवसर पर समिति सदस्यों द्वारा जोनल यूथ फेस्टिवल में गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज पदक जीतने वाले सभी प्रतिभाशाली छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया। समारोह का उद्देश्य छात्रों का मनोबल बढ़ाना और उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना रहा। इस सम्मान समारोह




में शिक्षा, समाजसेवा और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी कई प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहीं। कार्यक्रमश में प्रोफेसर मोहन लाल गोयल (पूर्व रीजनल डायरेक्टर, डीएवी स्कूल्स राजस्थान), डॉ. सतीश शर्मा (पूर्व डायरेक्टर, डीएवी कॉलेजेज, नई दिल्ली), कैप्टन नरेश वर्मा (पूर्व प्रिंसिपल), एस. तारा सिंह आलम (यूके), कृष्ण कुमार कमल (कमल स्टूडियो, यूएसए), केवल मल्होत्रा, प्रोफेसर कुनाल मेहता, वाइस प्रिंसिपल विकास मेहंदी रत्ता, ऑफिशिएटिंग प्रिंसिपल प्रोफेसर बिंदू शर्मा, प्रोफेसर सुभाष शर्मा, प्रो. वरुण गोयल, प्रो. वरुण वर्मा, मलकित कौर, कालिका जैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

संस्था कर भला हो भला की ओर से कार्यक्रम की अगुवाई रोहित अरोड़ा (चेयरमैन), सुनील बजाज (सरपरस्त), विशाल शर्मा (प्रधान), नीरज कटारिया (कैशियर), ननेश गांधी (पीआरओ) और कंवल कक्कड़ (सेक्रेटरी) ने की।

## पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन व बीसीसीआई के पूर्व प्रधान आई.एस. बिंदरा को श्रद्धांजलि

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/28 जनवरी। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन व भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व प्रधान इंद्रजीत सिंह बिंदरा का गत दिवस 25 जनवरी 2026 को 84 वर्ष की उम्र में देहांत हो गया। जिनको श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन के प्रधान अमरजीत मेहता ने कहा कि आई.एस. बिंदरा भारतीय क्रिकेट प्रशासन के इतिहास में सबसे प्रभावशाली हस्तियों में से एक रहे हैं। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष के तौर पर, उनके दूरदर्शी नेतृत्व और अटूट प्रतिबद्धता ने खेल पर एक अमिट छाप छोड़ी है। पीसीए में अपने कार्यकाल के दौरान, बिंदरा ने प्रोफेशनलिज्म, लंबी अवधि की योजना और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर जोर देकर पंजाब में क्रिकेट प्रशासन को बदल दिया। मोहाली में पीसीए स्टेडियम की स्थापना उनकी दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प का एक स्थायी प्रमाण है, जिसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मंच पर पंजाब की उपस्थिति को बढ़ाया।





# बलविंदर सिंह बने विरासत सेवा संगठन के जिला प्रधान

## सुभाष शर्मा ने सिरोपा भेंट कर किया सम्मानित



लालड़ू, यूटर्न, 28 जनवरी। आम आदमी पार्टी ने आलमगीर के पूर्व सरपंच बलविंदर सिंह आलमगीर को जिला एसएएस नगर (मोहाली) के विरासत सेवा संगठन का प्रधान नियुक्त किया है। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब वाटर एंड सीवरेज बोर्ड के वाइस चेयरमैन सुभाष शर्मा ने उन्हें सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। नियुक्ति के बाद सुभाष शर्मा और बलविंदर सिंह ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया तथा मंत्री अमन अरोड़ा का विशेष रूप से धन्यवाद व्यक्त किया। सम्मान समारोह के दौरान सुभाष शर्मा ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई दस लाख रुपये तक की मुफ्त इलाज योजना एक ऐतिहासिक पहल है, जो पूरे पंजाब के लोगों के लिए लागू की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है और चल रही योजनाओं को समय पर पूरा किया जाएगा।

इस अवसर पर आप नेता नरेंद्र धीमान, धर्म सिंह, मेजर सिंह, अवतार सिंह, बिलासा प्रधान, जसमेर खान, मनजीत सिंह, अमरजीत सिंह, ज्ञान सिंह, सूबेदार बलबीर सिंह, बलजीत सिंह लालड़ू, संतोष कुमार शर्मा, बलदेव सिंह जास्तना, सोनू और लोकेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# वॉर अगेंस्ट ड्रग्स के तहत शुरू मुहिम को और तेज किया जाएगा - डिप्टी कमिश्नर



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/28 जनवरी। पंजाब सरकार की तरफ से शुरू की वॉर अगेंस्ट ड्रग्स फेज-2 मुहिम के तहत जिले में चल रही एक्टिविटीज को और तेज किया जाएगा। ये बातें डिप्टी कमिश्नर राजेश धीमान ने रिव्यू मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए कहीं।

इस मौके पर वॉर अगेंस्ट ड्रग्स कैंपेन के मालवा जोन इंचार्ज चुसपिंदर सिंह और डिस्ट्रिक्ट पुलिस चीफ डॉ. ज्योति यादव बैंस खास तौर पर मौजूद थे। डिप्टी कमिश्नर राजेश धीमान ने कहा कि इस कैंपेन के तहत गांवों और शहरी इलाकों में लोगों की भागीदारी पक्का करते हुए हर ग्राम पंचायत और वार्ड में विलेज डिफेंस कमेटी और वार्ड डिफेंस कमेटी बनाई गई हैं। ये कमेटी ड्रग्स को रोकने के लिए डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन के साथ मिलकर काम करेंगी। इसमें सरकार की मदद कर रही हैं। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि ये कमेटियां गांवों और वार्डों में घर-घर जाकर लोगों को नशे के नुकसान के बारे में जागरूक कर रही हैं। इस दौरान नगर सुधार ट्रस्ट बठिंडा के चेयरमैन जतिंदर सिंह भल्ला, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (ज) पूनम सिंह के अलावा अलग-अलग विभागों के अधिकारी आदि मौजूद थे।

# महाराजा सुहेल देव मेमोरियल स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया

जीरकपुर, यूटर्न, 28 जनवरी। महाराजा सुहेल देव मेमोरियल स्कूल, चंडीगढ़-अंबाला हाईवे स्थित परिसर में रविवार को 77वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती वीना भारद्वाज ने दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत से की।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पटियाला से पधारे श्री प्यारे लाल उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथि श्री पप्पू राजभर, आमंत्रित अतिथि श्री रविंद्र कुमार, ताइक्वांडो प्रशिक्षक श्री प्रशांत राजभर तथा विद्यालय के एमडी श्री एससीआर राजभर मौजूद रहे। बच्चों ने अतिथियों का तिलक लगाकर व बैज पहनाकर जोरदार तालियों के साथ स्वागत किया।



मुख्य अतिथि श्री प्यारे लाल ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद छात्रों ने मधुर स्वर में राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत डम्बल डांस और पीटी प्रदर्शन समारोह का मुख्य आकर्षण रहा।

विद्यालय में प्रतिवर्ष आयोजित खेल दिवस में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एक छात्रा ने स्कूल रिपोर्ट के माध्यम से वर्ष भर की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी।

विद्यालय प्रबंधन की ओर से एमडी श्री एससीआर राजभर, प्रधानाचार्या श्रीमती वीना भारद्वाज एवं सचिव श्री दिनेश ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

नर्सरी कक्षा की शिक्षिका श्रीमती मोना के निर्देशन में बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नृत्य ने सभी का मन मोह लिया, जिसकी अतिथियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। समारोह को संबोधित करते हुए एमडी श्री एससीआर राजभर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों से स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद रखते हुए अच्छे नागरिक बनने की अपील की। कार्यक्रम का समापन लड्डू वितरण और वंदे मातरम्के सामूहिक गायन के साथ हुआ। समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं अतिथियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सभी शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।

## मेयर मेहता के प्रयासों से 45 सालों बाद सोसाइटी के प्लाटों की शुरू हुई रजिस्ट्रियां, बांटे लड्डू



सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/28 जनवरी। दा बठिंडा को-ऑप्रेटिव हाऊस बिल्डिंग सोसाइटी लिमीटेड के प्लाटों की रजिस्ट्रियों की शुरूआत बठिंडा के मेयर पदमजीत सिंह मेहता के कर कमलों से की गई। यह सोसाइटी वर्ष 1981 से बनी हुई है व पिछले 45 सालों से उक्त प्लाटों की रजिस्ट्रियां नहीं हो रही थी। प्रधान रविन्दर कुमार, सचिव जनक कुमारी, कैशीयर सुनील कुमार सहित मेंबर राजवीर कौर, गुरुचरण सिंह ने बताया कि 45 सालों से लंबित उक्त मांग को पूरा करवाने के लिए उन्होंने महापौर पदमजीत सिंह मेहता से मुलाकात की थी और महापौर ने उनकी उक्त मांग को गंभीरता से लेते हुए इसे पंजाब की आप सरकार के सामने रखा और आज 45 सालों बाद पंजाब की भगवंत मान सरकार द्वारा रजिस्ट्रियां खोली गई है, वह भी बिल्कुल कम रेट, सिर्फ एक प्रतिशत रजिस्ट्रेशन फीस पर की जा रही है। अस्टाम ड्यूटी भी मुफ्त की गई है। इस दौरान लोगों ने लड्डू बांटे। इस अवसर पर मेयर मेहता ने पहली रजिस्ट्री प्लाट मालिक को सौंपते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रधान रविन्द्र कुमार व सचिव जनक कुमारी द्वारा महापौर का धन्यवाद करते हुए उनसे सोसाइटी में सीवरेज, पानी का प्रबंध करने बाबत अपील की गई।

Uturn Time 29 Jan 2026_Layout 2 28-01-2026 22:55 Page 9



# पटियाला में हेड कांस्टेबल अमनदीप हत्याकांड में छह आरोपित अरेस्ट;

## दो नाबालिग भी शामिल, कत्ल में प्रयोग चाकू बरामद

नवीन गोगना

पटियाला, युटर्न, 28 जनवरी। पटियाला के नाभा में हेड कांस्टेबल अमनदीप सिंह की धारदार हथियारों से की गई हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पटियाला के एसएसपी वरुण शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से दो नाबालिग हैं, जिन्हें बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू भी पुलिस ने बरामद कर लिया है इस मामले में दो आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। एसएसपी वरुण शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान श्याम उर्फ कैफ हीरालाल उर्फ हीरा, आशीष उर्फ आशी अमित कुमार, दोनों निवासी नाभा के रूप में हुई है। इसके अलावा दो 17 वर्षीय नाबालिगों को भी पकड़ा गया है, जिन्हें किशोर न्याय अधिनियम के तहत बाल सुधार गृह भेजा गया है।इस हत्याकांड में शामिल सौरव कुमार और राहुल भारद्वाज फिलहाल फरार चल रहे हैं



### पैसों को लेकर हुई थी कहा-सुनी

पुलिस के अनुसार यह घटना बीते रविवार देर शाम की है। मृतक हेड कांस्टेबल अमनदीप सिंह अपने जुड़वा भाई नवदीप सिंह उर्फ नवी के साथ मैहस गेट के नजदीक एक दुकान पर गए थे। वहां दुकानदार और कुछ युवकों के बीच पैसों को लेकर कहा-सुनी हो रही थी। अमनदीप सिंह उस समय सादी वर्दी में थे और उन्होंने विवाद को शांत करवाने का प्रयास किया। इसी दौरान आरोपियों ने अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया और कथित तौर पर दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने अमनदीप सिंह के पेट में तेजधार हथियार से वार किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं नवदीप सिंह के सिर पर गंभीर चोटें आईं, जिनका इलाज नाभा के अस्पताल में चल रहा है।

### फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए टीमें गठित

घटना के बाद पुलिस तुरंत हरकत में आई और वारदात के करीब दो घंटे के भीतर ही दो आरोपियों को काबू कर लिया गया था। इसके बाद जांच के दौरान चार अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है।

# जी.एच.जी अकादमी कोठे बग्गू में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए ग्रैंड फेयरवेल पार्टी का आयोजन




राज बब्बर/चरणजीत सिंह चन्न

जगराओं/यूटर्न/28 जनवरी। जी.एच.जी अकादमी कोठे बग्गू, जगराओं ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उत्साह और शानो-शौकत के साथ एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम खुशी, भावनाओं और जीवंत उत्सव से भरपूर था, जिसने सभी विद्यार्थियों के लिए इसे एक यादगार दिन बना दिया।इस अवसर का मुख्य आकर्षण एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत और मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। म्यूजिकल चेयर और पेपर फोल्डिंग जैसे मजेदार खेलों ने भी विद्यार्थियों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। इस दौरान मिस्टर फेयरवेल का खिताब कॉमर्स के छात्र हरकम बाजवा और मिस फेयरवेल का ताज मेडिकल की छात्रा जस्मीत कौर उप्पल ने अपने नाम किया। इसके अलावा, कई अन्य आकर्षक खिताब मोस्ट कॉन्फिडेंट, स्टाइल आइकन, मोस्ट ब्यूटीफुल स्माइल, मोस्ट चार्मिंग आदि प्रदान किए। इस अवसर पर गुरमेल सिंह मल्ल्ही, बलजीत सिंह मल्ल्ही तथा सम्माननीय प्रिंसिपल रमणजोत कौर की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया।



# गुरु रविदास जी की जयंती के मौके पर सजाया नगर कीर्तन

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/28 जनवरी। सतगुरु रविदास जी महाराज की 649वीं जयंती को समर्पित, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया और पंज प्यारों की अगुवाई में, समाज मिलवर्तन सोसायटी और जगराओं शहर की सभी गुरुद्वारा कमेटियों के सहयोग से एक बड़ा नगर कीर्तन निकाला गया। जिसमें फूलों से सजी सुंदर पालकी के अलावा, बैंड पार्टियां, गतका पार्टियां, मनमोहक झांकियां, सेवा सोसाइटियां और स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। नगर कीर्तन के दौरान पंथ के मशहूर रागियों, ढाडियों और कविशर जत्थों ने सतगुरु रविदास जी के जीवन पर रोशनी डाली और गुरबानी से जोड़ा। इस मौके पर पार्षद अमरजीत सिंह मालवा, प्रोग्राम. सुखविंदर सिंह, समाज मिलवर्तन सोसायटी के प्रेसिडेंट रछपाल सिंह चिमना, पैट्रन महंगा सिंह मीरपुर, जनरल सेक्रेटरी प्रेम सिंह लोहट, गुरुद्वारा कच्चा किला के प्रेसिडेंट बलवीर सिंह, बलजिंदर सिंह लोहट, भवनजीत सिंह कमालपुरा, मा. सरबजीत सिंह देहरका, अशोक कुमार, महिंदर सिंह कमालपुरा, हंस राज वगैरह मौजूद थे। नगर कीर्तन शहर के अलग-अलग पड़ावों से होते हुए देर शाम गुरुद्वारा कच्चा किला पहुंचा। इस मौके पर प्रेसिडेंट बलवीर सिंह और प्रेसिडेंट रछपाल सिंह चिमना ने नगर कीर्तन के दौरान सेवा करने और मदद करने वाले सेवादारों का शुक्रिया अदा किया। प्रेसिडेंट हरविंदर सिंह गुरुद्वारा अजीत नगर, प्रेसिडेंट बलवीर सिंह गु.अगवार लढाई, प्रेसिडेंट हरनेक सिंह, गु.बेगमपुरा साहिब से सतनाम सिंह, प्रेसिडेंट स्वर्णजीत सिंह, गु.बाबा जोरावर सिंह जी से सतनाम सिंह लोहट मौजूद थे।



# 278 ग्राम हेरोइन के साथ दो कार स्वार गिरफ्तार



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/28 जनवरी। लुधियाना रूरल पुलिस के सीआईए स्टाफ की टीम ने सूचना के आधार पर गांव गालिब कलां-कोकरी रोड पर दो कार सवारो गिरफ्तार कर उनके पास से 278 ग्राम हेरोइन बरामद करने में काम जब भी हासिल की है। सीआईए के एसआई गुरसेवक सिंह ने बताया कि ये तस्कर कार रिपेयर वर्कशॉप की आड़ में तस्करी करते थे। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गालिब कलां निवासी परमजीत सिंह उर्फ पम्मा और दविंदर सिंह उर्फ परगट के रूप में हुई है। दोनों तस्करों के खिलाफ सदर जगरांव थाने में NDPS एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। उन्हें माननीय कोर्ट में पेश कर तीन दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है।

# रेलवे ट्रैक पर रखी जा रही है पैनी नजर, 24 घंटे चल रही है चैकिंग

दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न28 जनवरी। बीते दिनों सरहंद के पास पड़ते गांव खानपुर के निकट रेलवे की गुड्स लाइन पर हुए धमाके के बाद जहां केंद्रीय एजेंसियां और रेलवे पुलिस अलर्ट है, वहीं जीआरपी पंजाब की पूरी तरह से अलर्ट पर है। डीजीपी रेलवे शशि प्रभा द्विवेदी के निर्देश अनुसार जीआरपी पंजाब के सभी शहरों में पूरी तरह से चौकसी रखे हुए हैं। धमाके के बाद जीआरपी अधिकारी व मुलाजिम देर रात तक रेलवे लाइन पर अपनी पैनी निगाह रखे हुए हैं और रेगुलर पेट्रोलिंग कर रहे हैं तथा बीट बांट कर दिन-रात ट्रैक पेट्रोलिंग जारी है। इसके अलावा सादी वर्दी में भी मुलाजिम अपनी नजर इस और रखे हुए हैं। जीआरपी पंजाब के सीआईए 1 के इंचार्ज इंस्पेक्टर पलविंदर सिंह भिंडर जोकि दिन रात अपनी टीम के साथ खुद ट्रैक पर निगरानी रखे हुए हैं,ने पूछने पर बताया कि सीआईए अपनी टीम साथ पूरी तरह से निगरानी कर रही है और लगातार ट्रैक पेट्रोलिंग चल रही है।

इसके अलावा संदिग्ध लोगों पर पूरी तरह से नजर रखी जा रही है तथा संदिग्ध लोगों की लगातार चैकिंग भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह चैकिंग उनकी टीम 24 घंटे कर रही है और उन्होंने कहा कि ऐसी निगरानी रखी जा रही है कि भविष्य में कोई शरारती तत्व दोबारा ऐसी घटना को अंजाम न दे सके। पलविंदर ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

Uturn Time 29 Jan 2026_Layout 2 28-01-2026 22:55 Page 10



# लुधियाना को मिलेंगी पंखों की उड़ान, पीएम मोदी करेंगे हलवारा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन

लुधियाना, यूटर्न, 28 जनवरी। पंजाब के औद्योगिक शहर लुधियाना के लोगों का सालों पुराना इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब दौरे पर आ रहे है जिसके तहत 1 फरवरी को वे वर्चुअली प्रक्रिया के तहत हलवारा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे।

जिला प्रशासन को केंद्र सरकार से उद्घाटन का संभावित शेड्यूल मिल चुका है, जिसके बाद एयरपोर्ट परिसर में तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

इसी क्रम में आज लुधियाना के डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ हलवारा एयरपोर्ट का दौरा किया। उन्होंने रनवे, टर्मिनल बिल्डिंग, सुरक्षा व्यवस्था और यात्री सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।



## डीसी हिमांशु जैन ने कहा


'हलवारा एयरपोर्ट लुधियाना के लिए ऐतिहासिक परियोजना है। उद्घाटन से पहले हर तकनीकी और सुरक्षा पहलू की जांच की जा रही है ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके।' उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्घाटन से पहले किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

## सेंट्रल पंजाब को मिलेगा बड़ा फायदा : धीर




होलसेल होजरी एसो के प्रधान संजू धीर ने कहा की लुधियाना देश का बड़ा इंडस्ट्रियल हब है। यहां से होजरी, मशीन टूल्स और साइकल इंडस्ट्री का बड़ा एक्सपोर्ट होता है। एयरपोर्ट शुरू होने से व्यापारियों को अब चंडीगढ़ या दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा।

## कारोबारी शहर को मिलेगी रफ़्तार : सचदेवा



कोहिनूर साईकिल के एमडी अनिल सचदेवा ने कहा की कारोबार और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास का सीधा असर अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। हलवारा एयरपोर्ट लुधियाना और आसपास के जिलों की ग्रोथ को नई दिशा देगा।

## लुधियाना के लिए हलवारा एयरपोर्ट लिए गेम चेंजर : जैरथ



नैशनल इंडस्ट्रीज के चेयरमैन नवनीत जैरथ ने कहा की पंजाब की आर्थिक राजधानी लुधियाना के लिए हलवारा एयरपोर्ट लिए गेम चेंजर साबित होगा। इंटरनेशनल कनेक्टिविटी से एक्सपोर्ट बढ़ेगा और निवेशकों का भरोसा मजबूत होगा।

## रियल एस्टेट को मिलेगा बढ़ावा : महेश गोयल



विशेष इंफ्रा के चेयरमैन महेश गोयल अनुसार, एयरपोर्ट शुरू होने से न सिर्फ रियाल एस्टेट बल्कि अन्य होस्पिटल्टी सैक्टर होटल, ट्रांसपोर्ट, लॉजिस्टिक्स और टूरिज्म सेक्टर में बढ़ोतरी होगी जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

**सीएम ने बुलाई हाई लेवल मीटिंग...**दूसरी ओर, उद्घाटन समारोह को भव्य बनाने और समन्वय मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को चंडीगढ़ में हाई-लेवल मीटिंग बुलाई है। इसमें प्रशासन, पुलिस, एविएशन अथॉरिटी और अन्य विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षा, ट्रैफिक मैनेजमेंट और वीवीआईपी मूवमेंट को लेकर खास रणनीति बनाई जा रही है।

**कई बार टूटी डेडलाइन, अब सपना होगा साकार...**हलवारा एयरपोर्ट परियोजना को पंजाब सरकार ने वर्ष 2018 में मंजूरी दी थी। इसके लिए 160 एकड़ से अधिक जमीन अधिग्रहित की गई थी। योजना थी कि 2022 तक एयरपोर्ट शुरू हो जाए, लेकिन फंडिंग, तकनीकी दिक्कतों और प्रशासनिक कारणों से प्रोजेक्ट बार-बार टलता रहा। एविएशन एक्सपर्ट कैप्टन आर.एस. भुल्लर का कहना है, हलवारा एयरपोर्ट तकनीकी रूप से पूरी तरह सक्षम है। इसके शुरू होने से पंजाब की एविएशन कनेक्टिविटी को बड़ा बूस्ट मिलेगा और यात्रियों का समय व लागत दोनों कम होंगे।

# महायज्ञ करने से मनुष्य के साथ-साथ होता संसार के समस्त प्रामियो का कल्याण : नरेश सोनी

## अखंड महायज्ञ देश की सुख शांति व समृद्धि के लिए होगा फलदायक : प्रताप बाजवा





लुधियाना, यूटर्न, 28 जनवरी। सृष्टि में यज्ञ एक आनादि महाअनुष्ठान है। महायज्ञ करने से मनुष्य के साथ-साथ संसर के समस्त प्रामियो का कल्याण होता है। नियमित से होने वाला स्थल पर देवी-देवताओ का वास होता है। महायज्ञ स्थल की परिक्रमा करने से तीर्थ दर्शन का फल प्राप्त होता है। उपरोक्त उदगार श्रीराम शरणम किचनू नगर प्रमुख नरेश सोनी जी ने महंत प्रवीण चौधरी जी व अन्य सेवकों की तरफ से दिए मां बगलामुखी धाम पक्खोवाल रोड़ में 11 फरवरी से 21 फरवरी, 2026 तक आयोजित होने वाले महायज्ञ का निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहे। वही इसके अतिरिक्त धाम प्रमुख महंत प्रवीण चौधरी सेवक कर्ण शांडिल्या,मोहित



सूद,राणा रणजीत सिंह ने विधानसभा में कांग्रेस के नेता विपक्ष व विधायक प्रताप सिंह बाजवा, ए.आई.जी गुरसेवक सिंह बराड़ सहित राजनितिक सामाजिक व धार्मिक गणमान्यों को अखंड महायज्ञ का भाव सहित निमंत्रण दिया। प्रताप सिंह बाजवा ने अखंड यज्ञ कगा निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि अखंड महायज्ञ देश की सुख शांति व समृद्धि के लिए फलदायक होगा। महंत प्रवीण चौधरी जी ने कहा कि महायज्ञ विश्व कल्याण की कामना के लिए आयोजित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि महायज्ञ में मंत्रोच्चारण के साथ आहुति डालने वाले भक्त की हर मनोकामना बिना मांगे ही मां बगलामुखी के दरबार से पूर्ण होती है। धाम के सेवक मनजीत छतवाल, कर्ण शांडिल्या,मोहित सूद,राणा रणजीत सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि महंत प्रवीण चौधरी जी के सानिध्य में आयोजित इस महाकुंभ को लेकर सभी शहरवासियों को इस यज्ञ में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। 243 घंटे के अखंड महायज्ञ के दौरान देश भर के प्रसिद्ध भजन गायक मां बगलामुखी का गुणगान करेगें। उन्होने कहा कि स्कूली बच्चे भी अखंड महायज्ञ में आहूतियां डालकर मां बगलामुखी का आशीर्वाद प्राप्त करेगें।

# मेयर चुनाव के दिन निगम में बदला रहेगा कामकाज, 29 जनवरी को सुबह जनता की सुनवाई स्थगित




चंडीगढ़, यूटर्न, 28 जनवरी। चंडीगढ़ नगर निगम में 29 जनवरी को होने वाले मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव के मद्देनजर प्रशासन ने कार्यप्रणाली में अस्थायी बदलाव किया है। चुनाव वाले दिन नगर निगम के सार्वजनिक कार्य सुबह के समय नहीं होंगे, जबकि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।नगर निगम प्रशासन द्वारा जारी निदेर्शों के अनुसार, सेक्टर-17 स्थित न्यू डीलक्स बिल्डिंग में मौजूद सभी पब्लिक डीलिंग शाखाएं दिन के पहले हिस्से में बंद रहेंगी। इस दौरान आम नागरिकों से जुड़े कार्य नहीं किए जाएंगे, ताकि चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके।हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नगर निगम के सभी अधिकारी और कर्मचारी, चाहे वे नियमित हों, आउटसोर्स पर कार्यरत हों, दैनिक वेतनभोगी हों या कॉन्ट्रैक्ट आधार पर नियुक्त हों, उन्हें निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। कर्मचारियों को पहचान के लिए वैध आईडी कार्ड साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं।यह आदेश नगर निगम आयुक्त अमित कुमार द्वारा जारी किया गया है। आदेश की प्रतिलिपि नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों, इंजीनियरिंग शाखाओं, जनसंपर्क विभाग सहित सभी संबंधित कार्यालयों और सुरक्षा से जुड़े विभागों को भेज दी गई है।प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार मेयर चुनाव को लेकर नगर निगम परिसर में सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाएं पहले से अधिक कड़ी की गई हैं। राजनीतिक दृष्टि से अहम माने जा रहे इस चुनाव को लेकर निगम स्तर पर पूरी तैयारी की जा चुकी है।

# मेडिकल स्टोर मालिक की सिर में गोली मारकर हत्या, गैंगस्टर जीवन फौजी ने ली जिम्मेदारी

पंजाब/यूटर्न/28 जनवरी। गुरदासपुर के डेरा बाबा नानक में बुधवार सुबह मेडिकल स्टोर मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जिस वक्त हत्या हुई, स्टोर मालिक अपनी शॉप खोल रहे थे। तभी हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद हमलावरों की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस इसके लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस इस मामले को फिरौती के एंगल से भी खंगाल रही है। जानकारी के मुताबिक डेरा बाबा नानक में बेदी मेडिकल स्टोर के मालिक रणबीर सिंह बेदी सुबह करीब 8 बजे अपना मेडिकल स्टोर खोल रहे थे, उस समय अज्ञात हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। रणबीर सिंह बेदी के सिर में गोलियां लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने के चलते उन्हें अमृतसर रेफर किया गया, जहां जाते समय उनकी रास्ते में ही मौत हो गई।


मृतक रणबीर सिंह बेदी की फाइल फोटो

## गैंगस्टर जीवन फौजी ने ली जिम्मेदारी

वहीं मेडिकल स्टोर मालिक की हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर जीवन फौजी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर ली है। जिसमें लिखा गया है कि आज डेरा बाबा नानक में डॉक्टर बेदी का कत्ल हुआ है, उसकी जिम्मेदारी में जीवन फौजी लेता हूं। इस बंदे को मारने का मुख्य कारण यह है कि इस बंदे ने कारण मेरे बड़े मित्रों के घर बर्बाद हुए हैं और उनको नाजायज जेल काटनी पड़ी है। गैंगस्टर ने लिखा कि इस बंदे को मैने फोन भी किया था कि उनका कोई कसूर नहीं है, जो भी किया है, मैंने किया है, मेरे उन बंदों को पर्चे से बाहर निकलवा दे, परंतु इस बंदे ने मेरी कोई भी बात नहीं सुनी। इसलिए बंदे का सौदा लगाना बनता था और बाकी जिन बंदों को मैने फोन किया है, वह भी तैयार रहे।

## पहले भी फिरौती को लेकर हो चुकी फायरिंग

पुलिस सूत्रों के अनुसार, रणबीर सिंह बेदी को पहले भी जान से मारने की धमकियां मिल चुकी थी। कुछ महीने पहले भी उन पर फिरौती को लेकर फायरिंग की गई थी। उनके मेडिकल स्टोर पर पहले भी हमला हो चुका है। पिछले साल 23 अक्टूबर को भी इसी स्टोर पर नकाबपोश हमलावरों ने फायरिंग की थी। मामले की जांच करने पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने कहा कि हत्या की जांच शुरू कर दी गई है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में मामला दर्ज

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/28 जनवरी। थाना सिधवां बेट की पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, मारपीट करने और जान से मारने की धमकियां देने जैसे गंभीर आरोपों के तहत मामला दर्ज किया है। एसआई कमलदीप कौर ने बताया कि पीड़िता ने पुलिस को दिए अपने बयानों में कहा है कि उसकी शादी वर्ष 2023 में हुई थी। उसके पति का दोस्त गुरविंदर सिंह उर्फ सोनू निवासी परजियां बिहारीपुर, जो स्वयं भी शादीशुदा है, का उनके घर काफी आना-जाना था। पीड़िता के अनुसार, पति के माध्यम से हुई पहचान के बाद गुरविंदर सिंह से फोन पर बातचीत बढ़ने लगी, जो धीरे-धीरे प्रेम संबंधों में बदल गई। गुरविंदर सिंह ने उसे भरोसा दिलाया कि वह अपनी पत्नी को तलाक देकर उससे शादी कर लेगा। पीड़िता ने आरोप लगाया कि गुरविंदर सिंह ने शादी के झांसे में रखकर उसकी मर्जी के खिलाफ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जब भी वह गुरविंदर सिंह पर शादी करने का दबाव डालती, तो वह उसके साथ बेरहमी से मारपीट करता था। इतना ही नहीं, उसे जान से मारने की धमकियां भी दी जाती थीं। एस.आई. कमलदीप कौर ने पुष्टि की कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर गुरविंदर सिंह उर्फ सोनू के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।



# पावर ऑफ अटॉर्नी की आड़ में पिता ने बेटे के नाम करवाई गिफ्ट डीड, बाप-बेटे के खिलाफ मामला दर्ज

जगरांव/यूटर्न/28 जनवरी। जायदाद से जुड़ी धोखाधड़ी के एक गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए पिता-पुत्र की जोड़ी के खिलाफ संगीन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपियों ने पावर ऑफ अटॉर्नी (मुख्तियार आम) का दुरुपयोग कर किसी अन्य की जमीन हड़पने की नीयत से गिफ्ट डीड अपने नाम करवा ली। सहायक थानेदार सुलक्खण सिंह ने बताया कि गुरजीत सिंह निवासी धांधरा लुधियाना द्वारा पुलिस को एक शिकायत दी गई थी। शिकायतकर्ता ने




अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि रशपाल सिंह ने जगरांव तहसील में पेश होकर एक पावर ऑफ अटॉर्नी के माध्यम से गुरजीत सिंह और जगतार सिंह की मालिकाना जमीन को धोखाधड़ी से अपने बेटे गुरप्रीत सिंह के नाम गिफ्ट डीड के जरिए रजिस्टर्ड करवा दिया। पुलिस द्वारा की गई जांच में सामने आया है कि रशपाल सिंह ने अपने बेटे गुरप्रीत सिंह के साथ मिलकर यह साजिश रची थी। दोनों ने आपसी साठ-गांठ कर जमीन हड़पने के उद्देश्य से असली मालिकों के साथ विश्वासघात किया। जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने रशपाल सिंह और गुरप्रीत सिंह निवासी ललतो कलां, जिला लुधियाना के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विधायक ने ग्राउंडवाटर बचाने के लिए 17कि.मी लंबे खालों में नहर का पानी पहुंचाने की शुरूआत की

राज बब्बर

जगराओं/यूटर्न/28 जनवरी। जगराओं के पास गांव अखाड़ा में ग्राउंडवाटर की निकासी को कम करने के मकसद से ट्यूबवेल कॉर्पोरेशन ने 17 किलोमीटर लंबे खाल बनाकर नहर का पानी सीधे खेतों तक पहुंचाने के लिए 3 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट शुरू किया। इसका उद्घाटन विधायक सरबजीत कौर मानूके ने अखाड़ा गांव वालों से करवाया। इस मौके पर अखाड़ा गांव के लोगों ने खेतों तक नहर का पानी पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और विधायक सरबजीत कौर मानूके का खास तौर पर शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर ट्यूबवेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के साथ हलका विधायक सरबजीत कौर मानूके और गांववालों ने कहा कि यह प्रोजेक्ट



दिन-ब-दिन गिरते ग्राउंडवाटर लेवल को और गिरने से बचाने के लिए शुरू किया गया है और जल्द ही यह प्रोजेक्ट हलके के सभी गांवों में शुरू किया जाएगा ताकि ग्राउंडवाटर की निकासी को बचाया जा सके। इस मौके पर ट्यूबल कॉर्पोरेशन के एक्सियन गुरदीप सिंह तूर, पंचायत सदस्य दर्शन सिंह, परमिंदर सिंह, जसवीर सिंह और अन्य गांववाले भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।


Kariti

# दो महीने बाद भी नहीं लग सकेगें पार्किंग साइट्स के टेंडर

# पूर्व कमिश्नर और मेयर के ऐलान के बावजूद लोगों को नहीं मिली राहत, क्या नवनियुक्त कमिश्नर दिला पाएंगी जनता को हक

राजदीप सिंह सैनी
लुधियाना/यूटर्न/28 जनवरी।

लुधियाना की पार्किंग साइट्स पर ओवर चार्जिंग, सड़कों पर रेहड़ियां लगवाने और फुटपाथों पर वाहन खड़े करने के आरोप लगने के आए दिन मामले सामने आते रहते हैं। लगातार दो सालों से जबरन पार्किंग ठेके एक्सटेंड करने के बाद पूर्व निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल, मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर, सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर और डिप्टी मेयर प्रिंस जौहर द्वारा एफएंडसीसी की नवंबर 2025 को हुई मीटिंग में सभी पार्किंग साइट्स के टेंडर कराने का मत्ता पास किया था। लेकिन दो महीने बीतने के बावजूद न तो टेंडर लगे और न ही अवैध कब्जे हट सके।

अगर लोग ठेकेदारों को ज्यादा चार्ज लेने या फुटपाथों पर कब्जे करने की बात कहते हैं, तो आगे से ठेकेदार महंगा ठेका लेने का कहकर टाल देते हैं। अब हालात यह है कि सड़क का मोड़ मुड़ते हुए भी छोटी सी जगह पर जबरन वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। लेकिन अब पंजाब सरकार द्वारा आईएएस नीरू कत्याल को लुधियाना कारपोरेशन कमिश्नर नियुक्त किया है। जिसके चलते अब सभी शहरवासियों की नजर उन पर हैं। देखना होगा कि क्या अब आईएएस कत्याल जनता को उनका हक दिला सकेगीं या नहीं।



फिरोजगांधी मार्केट में फुटपाथ पर खड़ी गाड़ियां



फुटपाथ व सड़कों पर लगी रेहड़ियां



## भ्रष्टाचार पर नकेल डालने की उम्मीद

आईएएस नीरू कत्याल पहले भी लुधियाना में एडिशनल कमिश्नर और एडिशनल डिप्टी कमिश्नर समेत तमाम पद्दों पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। उनकी छवि ईमानदार अधिकारी, टाइम बाउंड वर्किंग और भ्रष्टाचार पर स्टिक एक्शन लेने के तौर पर जानी जाती है। एक तरफ शहर की पार्किंग साइट्स में ठेकेदारों द्वारा ओवर चार्जिंग करने, सड़कों पर रेहड़ियां लगवा कब्जे करने और फिरोजगांधी मार्केट की फुटपाथों पर पार्किंग कर कब्जे करने समेत तमाम समस्याएं सामने आ रही हैं। दूसरी तरफ निगम कमिश्नर नीरू कत्याल की नियुक्ति के बाद शहरवासियों को उम्मीद जागी है कि उनका हक उन्हें वापिस दिलाया जा सकेगा। क्योंकि इससे पहले अधिकारियों और मौजूदा निगम लीडरों द्वारा सिर्फ लोगों को आश्वासन ही दिए गए हैं, जमीनीं सत्र पर कोई कार्रवाई नहीं की थी।

## क्या पेडस्ट्रियन्स को उनका हक दिला पाएंगी निगम कमिश्नर



वहीं फिरोजगांधी मार्केट पार्किंग की बात करें तो ठेकेदार द्वारा फुटपाथों पर सरेआम कारें पार्क करके अवैध वसूली की जाती है। वहीं कुछ लोग फुटपाथ और सड़कों पर रेहड़ियां लगवा अवैध वसूली भी कर रहे हैं। जिससे राहगीरों को पैदल चलने के कारण फुटपाथ नहीं मिल पाते और वह सड़क के बीच में चलते हैं। जिससे हादसे होते हैं। खबरें लगने पर तहबाजारी टीम आती है और रेहड़ियां लेकर चली जाती है, दूसरे दिन जुमार्ना देकर रेहड़ियां फिर वहां लगवा दी जाती है। अब देखना होगा कि क्या निगम कमिश्नर पेडस्ट्रियन्स को उनका हक दिला पाएंगी या नहीं।

## कमिश्नर के आदेशों पर जांच करने पहुंचे अधिकारी



स्टॉक एक्सचेंज पदाधिकारियों की और से निगम कमिश्नर को फिरोजगांधी मार्केट में ठेकेदार द्वारा अवैध पार्किंग कराने और ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर शिकायत की गई थी। जिस पर निगम कमिश्नर द्वारा ज्वाइंट कमिश्नर विनीत कुमार को मौके पर जांच करने भेजा गया। ज्वाइंट कमिश्नर को स्टॉक एक्सचेंज पदाधिकारियों द्वारा ठेकेदार द्वारा सड़कों करवाई जा रही रॉन्ग पार्किंग, सड़क पर रेहड़ियां लगने और फुटपाथों पर कब्जे दिखाए गए। जिस पर उन्होंने जल्द एक्शन लेने का आश्वासन दिया। स्टॉक एक्सचेंज के टीएस थापर ने कहा कि पार्किंग ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से ठेका चलाया जा रहा है। जिससे मार्केट में हर समय जाम रहता है। इस संबंधी कमिश्नर नीरू कत्याल से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क न हीं हो सका।

## पहले निगम खुद चलाता रहा पार्किंग

वहीं फिरोजगांधी मार्केट की बात करें तो किसी समय नगर निगम के मुलाजिम खुद पार्किंग साइट चलाते थे। एक्सपर्ट का कहना है कि अब भी निगम अगर खुद सभी पार्किंग साइट्स चलाए तो इससे जहां सरकारी खजाने को भारी मुनाफा होगा वहीं चार्ज कम होने पर लोगों को भी राहत मिलेगी। एक्सपर्ट मुताबिक तहबाजारी की टीमों के कई मुलाजिम फ्री रहते हैं, क्योंकि न तो वह शहर से रेहड़ियां हटवाते है और न हीं कोई और काम करते हैं। ऐसे में निगम को उन्हें पाकिंर्गों में तैनात कर खुद मुनाफा कमाना चाहिए।

**टेंडरों में हेरफेर करते हैं ठेकेदार और अधिकारी...**बात करें टेंडरों की तो उसमें भी ठेकेदारों और अधिकारियों द्वारा मिलकर बड़ा खेल किया जाता है। टेंडरों में जबरन चार्ज बढ़ाकर लिखे जाते हैं। जिसके चलते कल को अगर लोग ठेकेदार को क्लेम करते हैं, तो वह टेंडर में ही निगम द्वारा रेट बढ़ाकर लेने की बात का हवाला देकर चुप करवा देते हैं। यह हालात फिरोजगांधी मार्केट के टेंडर में देखने को मिल रहे हैं। पुराने ठेकेदारों द्वारा जहां वाहनों के पास पर 200 व 400 रुपए लिए जाते हैं। वहीं अब 700 से 1400 रुपए लिए जाते हैं। वहीं फिरोजगांधी मार्केट पार्किंग ठेकेदार अनुसार उसे टेंडर में सड़क की दोनों तरफ की पार्किंग का ठेका मिला है। जिसके चलते वह फुटपाथ पर भी वाहन खड़े करके वसूली कर रहा है। अब यह सोच का विषय है कि निगम ने किस किताब में लिखा है कि फुटपाथ पार्किंग के लिए दिए जाते हैं। जबकि सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर भी यह हवाला देकर कार्रवाई नहीं कर सके थे।

# इलेक्ट्रिकल वर्कमैन यूनियन का मास डेलिगेशन चीफ इंजीनियर सीबी ओझा को प्रमोशन के संबंध में जाकर की मुलाकात पुनीत महाजन

चंडीगढ़, यूटर्न, 28 जनवरी। 8 ट्रेडमेटो ,जूनियर इंजीनियर तथा एस डीओ की प्रमोशन के संबंध में मिला, चीफ इंजीनियर द्वारा ट्रेड मेटों की प्रमोशन के लिए डीपीसी की मीटिंग 12 फरवरी फिक्स करदी



गई तथा बाकी पोस्ट के भरने का प्रोसेस शुरू करने के नर्देश भी दिए। इस के इलावा अराउंड द वर्ल्ड एजेंसी द्वारा आउट सोर्स्ड वर्करों से पैसे लेकर वेतन देने के संबंध में कंप्लेंट भी दी गई है,जिस में मांग की गई है कि एजेंसी तथा जिम्मेवार अधिकारी के विरोध कार्रवाई की जाए,नहीं तो यूनियन विजिलेंस में शिकायत दर्ज करवाएगी।चीफ इंजीनियर ने कार्रवाई का भरोसा दिया। डेलिगेशन में प्रधान किशोरी लाल ,चेयरमैन वरिंदर बिष्ट के इलावा महासचिव राकेश कुमार,सुखविंदर सिंह,बलविंदर सिंह,राजेश कुमार,प्रीतम सिंह,शालिग्राम,अजय कुमार,विजय बहादुर, सीता राम,दिनेश कुमार,गुरबचन सिंह,गुरप्रीत सिंह आदि शामल थे

# पीयू ने पहली बार स्कूल स्तर पढ़ने वाली किसी खिलाड़ी को स्पोर्टस एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा है

पुनीत महाजन



चंडीगढ़, यूटर्न, 28 जनवरी। देश की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में शुमार पंजाब यूनिवर्सिटी (पीयू), चंडीगढ़ ने हरियाणा की प्रतिभाशाली बेटी और युवा क्रिकेटर अदिति श्योराण को अपने पहले स्पोर्ट्स एक्सीलेंस अवार्ड के लिए चुना है। सोनीपत जिले के दुभेटा गांव की निवासी 16 वर्षीय अदिति श्योराण, जो स्टेट, नेशनल और बीसीसीआई स्तर पर क्रिकेट खेलकर लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं और हरियाणा का नाम रोशन कर रही हैं, को यह प्रतिष्ठित सम्मान गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में पंजाब यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. रेणू विग के हाथों प्रदान किया गया। पंजाब यूनिवर्सिटी ने पहली बार स्कूल स्तर पर पढ़ने वाली किसी खिलाड़ी को यह सम्मान देकर खेल जगत में एक नई पहल की है। पीयू प्रशासन ने स्कूल स्तर की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें बेहतर मंच देने के उद्देश्य से इस अवार्ड की शुरूआत की है। चंडीगढ़ के सेक्टर-9 स्थित कार्मल कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा दसवीं की छात्रा अदिति श्योराण की खेल प्रतिभा, अनुशासन और निरंतर मेहनत को देखते हुए पंजाब यूनिवर्सिटी ने उन्हें इंटरनेशनल स्तर की क्रिकेटर के रूप में तैयार करने के लिए मेंटरशिप देने का निर्णय लिया है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372